# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025



|| HARE KRISHNA ||

## ग्राहक अनुभव



रायपुर शहर के प्राइम लोकेशन में अपने लिए फ्लैट खरीदना उनका सपना था। एम्स हॉस्पिटल और एनआईटी के करीब हर्षित लैंडमार्क में फ्लैट की बुकिंग करा कर आज उनका सपना पूरा हुआ..मैं और मेरा परिवार बहुत खुश हैं।

संतोष नायर



हर्षित लैंडमार्क में फ्लैट की बुकिंग करा कर राजधानी में अपना घर होने का सपना आज पूरा हुआ। यहां पहले से 700 सौ से ज्यादा परिवार निवास कर रहे हैं। हाउसिंग सोसायटी द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं सिटी लाइव के अनुकूल हैं।

पीयूष रहंगडाले



हर्षित लैंडमार्क की लोकेशन शानदार है। एम्स हॉस्पिटल और एनआईटी जैसे एजूकेशन सेंटर पास ही हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई आसान होगी साथ एम्स हॉस्पिटल का भी लाभ मिलेगा। ऐसे आवासीय परिसर में फ्लैट की बुकिंग फायदे का सौदा है।

डॉ. वंदना डड़सेना



राजधानी रायपुर में अपना घर होने का सपना आज पूरा हुआ। यहां स्ट्रीटलाइट, प्राकृतिक हरियाली से भरे गार्डन, कवर्ड बाउंड्रीवॉल के साथ 24 घंटे सिक्यूरिटी की सुविधा शहर के बीच परिवार की सुरक्षा का अहसास करती है, मैं बहुत खुश हूं।

राम बहादुर

SINGHANIA BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993

गृह प्रवेश 2025

14-16 फरवरी 2025

## NOW OR NEVER

HARSHIT LANDMARK
PREMIUM COMMERCIAL & RESIDENTIAL

## तो आइये और कीजिए अपने गृह प्रवेश की तैयारी!

### 3 & 4 BHK SPACIOUS APARTMENT,
SHOPS & OFFICE SPACES

Key Handover



Starts
@55 Lacs Only

ऑफर केवल 3 दिनों के लिए



## Ready Possession
## 3 & 4 BHK
### प्रीमियम फ्लैट
कामर्शियल शॉप्स एण्ड ऑफिस स्पेस


RERA Reg. No. - PCGRERA270618000348 | www.rera.cgstate.gov.in


ON THE SPOT BOOKING

- 100% बैंक फायनेंस
- 0% प्रोसेसिंग फीस
- फ्री क्लब चार्जेस

*T&C Apply

लक्जरी जीवन | वास्तविक तस्वीरें | आधुनिक सुविधाएं









### प्रमुख स्थानों से सबसे निकटतम-

| एम्स हॉस्पिटल | एनआईटी | पं. दीनदयाल सभागार | पं. रविशंकर विश्वविद्यालय | अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम |
|---|---|---|---|---|
| 1.5 किमी. | 3.4 किमी. | 3.1 किमी. | 4.1 किमी. | 3.0 किमी. |

SINGHANIA BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993

साईट पता : रिंग रोड नं.-2
हीरापुर चौक, रायपुर

8302-321-321
www.singhaniabuildcon.com

Credai Member CREDAI Chhattisgarh

RERA APPROVED

# महाकुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा पहुंचा 50 करोड़ के पार

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का तट विश्व के सबसे बड़े मानव समागम का साक्षी बन गया है। त्रिवेणी में पर 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। यूपी सरकार ने यह दावा किया है। श्रद्धालुओं के आने का क्रम लगातार जारी है। तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम महाकुंभ अब इतिहास रच चुका है।




यहां अबतक 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। 50 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अबतक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। इस विराट समागम का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया में केवल भारत और चीन की जनसंख्या ही यहां आने वाले लोगों की संख्या से अधिक है।

## 13 जनवरी से आयोजित हो रहा है यह धार्मिक आयोजन

### अमेरिका, रूस और पाकिस्तान जैसे देशों की जनसंख्या भी इतनी नहीं

यूएस सेंसस ब्यूरो की एक रिपोर्ट के अनुसार पूरी दुनिया के 200 से अधिक राष्ट्रों में जनसंख्या के दृष्टिकोण से टॉप 10 देशों में क्रमशः भारत (1,41,93,16,933), चीन (1,40,71,81,209), अमेरिका (34,20,34,432), इंडोनेशिया (28,35,87,097), पाकिस्तान (25,70,47,044), नाइजीरिया (24,27,94,751), ब्राजील (22,13,59,387), बांग्लादेश (17,01,83,916), रूस (14,01,34,279) और मैक्सिको (13,17,41,347) शामिल हैं। वहीं महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं की अबतक की संख्या (50 करोड़ पार) को देखा जाए तो केवल भारत और चीन की जनसंख्या ही यहां आने वाले श्रद्धालुओं से अधिक है।



### 45 करोड़ का ही लगाया गया था सरकारी अनुमान

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुम्भ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी।

### विभिन्न स्नान पर्वों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई, इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। वहीं माघी पूर्णिमा के महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर भी दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पावन स्नान किया था।

## खबर संक्षेप

### पोप फ्रांसिस की तबीयत बिगड़ी, हॉस्पिटल में एडमिट

**नई दिल्ली।** पोप फ्रांसिस को रोम के जेमेली पॉलीक्लिनिक में ब्रोंकाइटिस के इलाज और अन्य जांच के लिए भर्ती किया गया है। यह फैसला वेटिकन द्वारा पोप फ्रांसिस की सुबह की नियमित मुलाकातों के बाद किया गया। 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस को स्वास्थ्य समस्याओं के चलते भर्ती कराया गया है। ब्रोंकाइटिस की वजह से उनके स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ा है।



### दक्षिण कोरिया : रिजॉर्ट में आग, छह की मौत

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के बुसान शहर में एक रिजॉर्ट निर्माण स्थल पर शुक्रवार को आग लग गई, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। बुसान की अग्निशमन एजेंसी के अनुसार, 100 कर्मचारी साइट से बाहर निकलने में कामयाब रहे। आग की सूचना सुबह 10:20 बजे मिली थी। आग बुझाने के लिए 90 दमकलकर्मियों को लगाया गया। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि श्रमिक अब भी अंदर फंसे हुए हैं या नहीं।



### मोहल्ला क्लीनिक होगा 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर'

**नई दिल्ली।** राजौरी गार्डन से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को कहा कि मोहल्ला क्लीनिकों का नाम बदलकर 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' रखा जाएगा, ताकि वे लोगों की सेवा के वास्तविक केंद्र बन सकें। सिरसा ने 'पीटीआई वीडियो' से बात करते हुए आरोप लगाया, 'आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के तहत, मोहल्ला क्लीनिक फर्जी जांचों और फर्जी मरीजों से ग्रस्त हो गए हैं, जिससे वे पैसे कमाने वाले एटीएम में बदल गए।'

### चंडीगढ़ में ही होने वाली छठी वार्ता में शामिल होंगे कृषि मंत्री शिवराज चौहान

# केंद्र-आंदोलनकारी किसानों की वार्ता बेनतीजा 22 को चंडीगढ़ में नए सिरे से करेंगे चर्चा

**खास बातें**
- किसान संगठन पिछले साल 13 फरवरी से कर रहे हैं प्रदर्शन
- फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी है प्रमुख मांग



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र और आंदोलनकारी किसानों के बीच शुक्रवार को हुई वार्ता भी बेनतीजा रही। करीब साढ़े 3 घंटे चली मीटिंग में कोई हल नहीं निकला। मीटिंग में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल भी शामिल हुए उन्होंने मीटिंग को सकारात्मक करार दिया। अब अगली मीटिंग 22 फरवरी को होगी। 22 तारीख की मीटिंग में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद होंगे। बता दें कि किसान हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 13 फरवरी 2024 से फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के कानून समेत अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

चंडीगढ़ में हुई पांचवे दौर की इस वार्ता में 28 किसान नेता शामिल हुए, वहीं केंद्र की ओर से मंत्री प्रह्लाद जोशी प्रमुख रूप से शामिल हुए। मीटिंग के बाद जोशी ने कहा- किसान नेताओं के साथ हमारी अच्छे माहौल में मीटिंग हुई। हमने किसान नेताओं की सभी मांगें सुनीं। हमने उन्हें किसानों के लिए बजट में लिए गए फैसलों के बारे में बताया। 22 फरवरी को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में एक बैठक होगी। मीटिंग के दौरान, जोशी ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत पर भी चिंता जताई।

### किसान नेता बोले- अगली मीटिंग दिल्ली में हो

मीटिंग से पहले किसान नेता सरवन पंधेर ने चेतावनी दी थी कि अगर मीटिंग में हल नहीं निकला तो किसान दिल्ली कूच करेंगे। लेकिन अब किसान संगठन छठे दौर की वार्ता के लिए राजी हैं। भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर नेता जसबीर सिंह कहा- सरकार को किसानों की बात मान लेनी चाहिए। उप-राष्ट्रपति ने भी कहा है कि किसानों की मांगों को मान लेते हैं तो कोई पहाड़ नहीं गिरेगा। उम्मीदों पर ही बैठकें होती है। हमारे नेता अंदर मीटिंग में हुई है। हमारे नेता चाहते है कि अगली मीटिंग दिल्ली में हो। ये लड़ाई अकेले पंजाब की नहीं बल्कि पूरे देश की है।किसान लखबीर सिंह ने कहा- मीटिंग से हमें काफी पॉजिटिव उम्मीद है। जब भी कोई बैठक होती है तो यही सोचते हैं कि शायद सरकार हमारी मांगों का हल निकाले। एक साल से हम खनौरी बॉर्डर पर बैठे हुए हैं।

### मांगें न मानने तक जारी रहेगा संघर्ष

किसान नेता हरदीप सिंह हरदो झंडे ने कहा कि 1 साल से देश का किसान सड़कों पर है। गर्मी-सर्दी हर मौसम की मार झेल रहे हैं। इस संघर्ष में सबसे बड़ा योगदान जगजीत सिंह डल्लेवाल का है। 55 दिन बाद सरकार जागी है। हमारी कोशिश है कि देश के किसानों की एमएसपी गारंटी कानून, स्वामीनाथन की रिपोर्ट सहित कर्जा मुक्ति जैसी हमारी प्रमुख मांगे हैं। जब तक हमारी मांगें नहीं मानी जाती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

### एम्बुलेंस में चंडीगढ़ पहुंचे डल्लेवाल

*संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) की तरफ से जगजीत डल्लेवाल और किसान मजदूर मोर्चा के सरवन पंधेर ने प्रतिनिधिमंडल की अगुआई की। 81 दिन से खनौरी बॉर्डर पर अनशन कर रहे डल्लेवाल एम्बुलेंस में चंडीगढ़ पहुंचे थे। उन्हें स्ट्रैचर से कॉन्फ्रेंस हॉल में ले जाया गया। केंद्र की तरफ से केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, पंजाब सरकार की तरफ से कृषि मंत्री गुरमीत खुड्डियां और मंत्री लाल चंद कटारूचक्क शामिल रहे।*

# 'अदाणी मुद्दा निजी मामला दो देशों के अध्यक्ष ऐसे मुद्दों पर बात नहीं करते'

*पीएम मोदी ने अमेरिका में पत्रकारों के सवाल पर कहा*



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका दौरे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उनसे अमेरिका में ही पीएम मोदी से अदाणी को लेकर सवाल पूछा गया। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि दो देशों के मुखिया ऐसे व्यक्तिगत विषयों के लिए नहीं मिलते हैं। मोदी से पत्रकारों ने सवाल पूछा था कि क्या ट्रंप के साथ मुलाकात के दौरान गौतम अदाणी के केस पर कोई चर्चा हुई? इस पर पीएम ने जवाब देते हुए कहा था कि व्यक्तिगत मामलों में हमारे बीच कोई बातचीत नहीं हुई। पीएम मोदी ने कहा था,'हमारे संस्कार और संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम की है. हम पूरे विश्व को अपना एक परिवार मानते हैं। हर भारतीय को मैं अपना मानता हूं। दूसरी बात है कि ऐसे व्यक्तिगत मामलों के लिए दो देशों के मुखिया न मिलते हैं, न बैठते हैं और न बात करते हैं।'

### देश में सवाल पूछो तो चुप्पी, विदेश में पूछो तो निजी मामला : राहुल



राहुल गांधी ने इस मामले में पीएम मोदी की आलोचना करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा 'देश में सवाल पूछो तो चुप्पी, विदेश में पूछो तो निजी मामला! अमेरिका में भी मोदी जी ने अदाणी जी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया! जब मित्र का जेब भरना मोदी जी के लिए 'राष्ट्र निर्माण' है, तब रिश्वतखोरी और देश की संपत्ति को लूटना 'व्यक्तिगत मामला' बन जाता है।'

*यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की का दावा*

# 'रूस ने चेरनोबिल में परमाणु रिएक्टर पर किया हमला'

एजेंसी ▶▶| कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि उच्च विस्फोटकों से लैस एक रूसी ड्रोन ने रात के समय कीव स्थित चर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र के बाहरी सुरक्षात्मक आवरण पर हमला किया। जेलेंस्की और संयुक्त राष्ट्र परमाणु एजेंसी ने कहा कि हालांकि हमले से विकिरण का स्तर नहीं बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा कि चर्नोबिल पर हमला स्थानीय समयानुसार देर रात 1:50 बजे हुआ। एजेंसी ने कहा कि



आंतरिक कवच में नुकसान के कोई संकेत नहीं है। आईएईए प्रमुख राफेल रॉसी ने 'एक्स' पर कहा कि चर्नोबिल हमला और जापोरिजिया परमाणु संयंत्र के पास सैन्य गतिविधि में हाल ही में वृद्धि 'लगातार परमाणु सुरक्षा जोखिमों को रेखांकित करती है'। आईएईए पूरी तरह से चौकन्ना है।

### रूस ने आरोपों को नकारा

रूसी सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने शुक्रवार को यूक्रेन के दावे नकार दिया। पेस्कोव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, 'परमाणु बुनियादी ढांचे, परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठान पर हमला करने जैसी कोई बात ही नहीं है, ऐसा कोई भी दावा सच नहीं है। हमारी सेना ऐसा नहीं करती।' उन्होंने कहा कि यूक्रेनी अधिकारियों ने हमले का दावा इसलिए किया क्योंकि वे वार्ता के माध्यम से युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों को विफल करना चाहते थे। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से शांति समझौता करने को कहा है।

*केंद्र और बंगाल से सुप्रीम कोर्ट ने पूछे तीखे सवाल*

# खुद बांग्लादेशी मानकर सजा दी अब उन्हें वापस क्यों नहीं भेज रहे

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की जेलों में बंद अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने केंद्र और राज्य सरकार की भूमिका पर सवाल उठाए। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने इस मुद्दे पर सुनवाई के दौरान अधिकारियों से पूछा कि अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वालों को वापस भेजने के लिए बांग्लादेश द्वारा सत्यापन का इंतजार क्यों किया जा रहा है। अदालत ने केंद्र और राज्य सरकारों से पूछा कि ऐसे मामलों में बांग्लादेश की पुष्टि की प्रतीक्षा करने की क्या आवश्यकता है, जब वे पहले ही विदेशी अधिनियम के तहत दोषी पाए जा चुके हैं? यह मामला पहले कलकत्ता हाईकोर्ट में स्वतः संज्ञान के तहत पंजीकृत किया गया था, जिसे बाद में सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया। कोर्ट ने कहा कि 'इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में लाए 12 साल हो चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।'



HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें ....
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

*गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती*

# टिकट न होने पर चलती ट्रेन से युवक को टीटीई ने दिया धक्का

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद



गुजरात से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। चलती ट्रेन से एक 21 वर्षीय व्यक्ति को कथित तौर पर टिकट न होने की वजह से बाहर धकेल दिया गया। पीड़ित व्यक्ति को गंभीर चोटें आईं हैं। जब टिकट चेकर ने पाया कि पीड़ित भिलाड से वलसाड में वापी जा रही एक स्थानीय यात्री ट्रेन में बिना टिकट के यात्रा कर रहा था। वापी जीआरपी पुलिस ने आरोपी अशोक कुंभारे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संदीप का आईसीयू वार्ड में इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वापी जीआरपी ने आरोपी अशोक कुंभारे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 110 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास) और 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) के तहत मामला दर्ज किया है।

### यह है मामला

पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़ित संदीप आर्य और अजय कुमार वापी की एक फैक्ट्री में काम करते हैं। वह बॉयलर की मरम्मत के लिए कुछ पार्ट्स खरीदने के लिए भिलाड गए थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंगलवार रात जब दोनों भिलाड रेलवे स्टेशन पहुंचे तो उन्हें पता चला कि मुंबई-वलसाड लोकल ट्रेन छूटने वाली है और बिना टिकट खरीदे ट्रेन में चढ़ गए। रास्ते में टिकट चेकर ने उन्हें बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ लिया, जिसके बाद उसने उनसे जुर्माने के रूप में 1,000 रुपये देने को कहा। हालांकि दोनों ने इनकार कर दिया, जिसके बाद उनके बीच तीखी बहस हुई।जब ट्रेन वापी स्टेशन पर पहुंची, तो दोनों ने उतरने का प्रयास किया, लेकिन कुंभारे ने उन्हें रोक दिया। दोनों कुंभारे से बहस करने लगे, जिससे नाराज होकर उसने बलिथा रेलवे क्रॉसिंग पर कथित तौर पर संदीप आर्य को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। पुलिस ने कहा कि अजय ने तुरंत आपातकालीन चेन खींची और उस स्थान पर पहुंचे जहां संदीप आर्य गंभीर रूप से घायल पड़े थे। इसके बाद संदीप आर्य को वलसाड सिविल अस्पताल ले जाया गया।

हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाईं, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

**राजनांदगांव में रमन, रायपुर में बृजमोहन-मूणत, बिलासपुर में अमर, रायगढ़ में ओपी, चिरमिरी में महंत और दुर्ग में भूपेश की प्रतिष्ठा दांव पर**




### धमतरी में भाजपा की राह आसान

*धमतरी नगर निगम में भाजपा के सामने कांग्रेस का कोई भी प्रत्याशी मैदान में न होने के कारण यहां पर भाजपा के लिए जीत की राह आसान हो गई है। भाजपा ने प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस के प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन रद्द होने के बाद कांग्रेस ने किसी और को अपना अधिकृत प्रत्याशी नहीं बनाया। कांग्रेस के एक और प्रत्याशी तिलक सोनकर ने भी नामांकन भरा था, लेकिन कांग्रेस ने उनको अपना प्रत्याशी नहीं बनाया, ऐसे में वे निर्दलीय ही मैदान पर हैं।*

# दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

## कांग्रेस के सामने गढ़ बचाने और भाजपा के सामने जीत की चुनौती

**जगदलपुर में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज की प्रतिष्ठा दांव पर**

### रायपुर में बृजमोहन, मूणत प्रमोद की प्रतिष्ठा दांव पर

राजधानी रायपुर में नगर निगम में भाजपा की मीनल चौबे और कांग्रेस के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे की पत्नी दीप्ति दुबे के बीच मुकाबला हुआ है। यहां से भाजपा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत और कांग्रेस से प्रमोद दुबे की प्रतिष्ठा दांव पर है।

### दुर्ग में विजय शर्मा-भूपेश बघेल की प्रतिष्ठा का सवाल



*दुर्ग प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का गृह जिला है*

भाजपा की अलका बाघमार का कांग्रेस की प्रेमलता साहू से मुकाबला हुआ है। भाजपा ने यहां से जीत का जिम्मा डिप्टी सीएम विजय शर्मा को दिया था। दुर्ग प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का गृह जिला है। ऐसे में उनकी प्रतिष्ठा भी दांव पर है।

### राजनांदगांव में डॉ. रमन की प्रतिष्ठा दांव पर



राजनांदगांव में भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समर्थक पूर्व में महापौर रह चुके मधुसूदन यादव कांग्रेस के निखिल द्विवेदी के खिलाफ चुनाव लड़े हैं। यहां से डॉ. रमन की प्रतिष्ठा दांव पर। इसी के साथ कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्रतिष्ठा भी दांव पर है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

*प्रदेश के दस नगर निगमों में इस बार भाजपा और कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है। जहां राजनांदगांव में डॉ. रमन सिंह के समर्थक चुनाव मैदान पर हैं, वहीं दुर्ग नगर निगम का जिम्मा डिप्टी सीएम विजय शर्मा के पास होने के कारण उनकी और कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्रतिष्ठा दांव पर है। जगदलपुर में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज की प्रतिष्ठा दांव पर है। इसी तरह से रायगढ़ में ओपी चौधरी, रायपुर में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, चिरमिरी में डॉ. चरण दास महंत की* ▶▶ शेष पेज 2 पर

### चिरमिरी में महंत की प्रतिष्ठा का सवाल




चिरमिरी में भाजपा के राम नरेश राय और कांग्रेस के पूर्व विधायक डा. विनय जायसवाल के बीच मुकाबला हुआ है। यहां से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत की प्रतिष्ठा दांव पर है। भाजपा ने यहां से जीत दिलाने का जिम्मा प्रदेश के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को दिया है। ऐसे में उनकी प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है।

### बस्तर में दीपक-किरण ने संभाला था मोर्चा



जगदलपुर में दोनों दलों के प्रदेशाध्यक्षों की प्रतिष्ठा दांव पर है। भाजपा के संजय पांडेय का कांग्रेस ने प्रदेश के संगठन महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू से मुकाबला हुआ है। एक तरफ जहां मलकीत सिंह गेंदू पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के खास समर्थक हैं, वहीं संजय पांडेय को किरण देव का खास समर्थक माना जाता है।

### अंबिकापुर में डटे थे सिंहदेव



*यहां पर कांग्रेस के दो बार महापौर रह चुके अजय तिर्की के सामने भाजपा की महिला पार्षद मंजूषा भगत ने चुनाव लड़ा है। अंबिकापुर में कांग्रेस के टीएस सिंहदेव की प्रतिष्ठा दांव पर है।*

### रायगढ़ में चौधरी ने संभाला था मोर्चा



*भाजपा के जीवर्धन चौहान के सामने कांग्रेस की महिला प्रत्याशी पूर्व महापौर जानकी काटजू चुनाव लड़ी हैं। यहां पर प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी की प्रतिष्ठा दांव पर है।*

### बिलासपुर में अमर-अरुण की साख दांव पर



बिलासपुर में भाजपा ने कांग्रेस के प्रत्याशी प्रमोद नायक के सामने महिला प्रत्याशी पूजा विधानी को मैदान में उतारा था। यहां पर डिप्टी सीएम अरुण साव के साथ पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल की प्रतिष्ठा दांव पर है।



## आयोग का दावा नतीजों का अपडेट होगा वेबसाइट पर, मतगणना केंद्र पर भी घोषणा

छत्तीसगढ़ की 10 नगर पालिका निगम, 49 नगर पालिका और 114 नगर पंचायतों के चुनाव का फैसला शनिवार को हो जाएगा। जिन 10 निगमों के लिए ये चुनाव हो रहा है उनमें से सभी सीटें पिछले चुनाव में कांग्रेस ने जीती थी। लेकिन पिछले पांच साल से लेकर अब तक राज्य की सियासी हवा का रुख पूरी तरह बदल चुका है। प्रदेश में अब भाजपा नेतृत्व वाली सरकार है। लिहाजा इस बार के चुनावों में दोनों दलों के बीच कड़ा मुकाबला ▶▶ शेष पेज 2 पर

### कड़ी सुरक्षा में होगी मतगणना

वोटों की गिनती के दौरान मतगणना केंद्रों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए है। हालांकि मतदान होने के बाद से जब ईवीएम स्ट्रांग रूम में रखे गए हैं, तभी से वहां सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी गई है। राजनीतिक दलों की ओर से उनके प्रतिनिधियों को भी ईवीएम की पहरेदारी की व्यवस्था रखी गई है। स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के व्यापक ▶▶ शेष पेज 2 पर



| रायपुर | | जगदलपुर | | रायगढ़ | | राजनांदगांव | | कोरबा | | बिलासपुर | | अंबिकापुर | | दुर्ग | | चिरमिरी | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मीनल चौबे भाजपा | दीप्ति दुबे कांग्रेस | संजय पांडे भाजपा | मलकीत सिंह गेंदू कांग्रेस | जीवर्धन चौहान भाजपा | जानकी काटजू कांग्रेस | मधुसूदन यादव भाजपा | निखिल द्विवेदी कांग्रेस | संजू देवी राजपूत भाजपा | उषा तिवारी कांग्रेस | पूजा विधानी भाजपा | प्रमोद नायक कांग्रेस | मंजूषा भगत भाजपा | अजय तिर्की कांग्रेस | अलका बाघमार भाजपा | प्रेमलता पोषण साहू कांग्रेस | रामनरेश राय भाजपा | विनय जायसवाल कांग्रेस |

**खबर संक्षेप**

### नक्सलियों ने माना, मुठभेड़ में मारे गए 31 में 21 उनके साथी, बंद का किया ऐलान



**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के नेशनल पार्क एरिया के टेकामेटा जंगल में 9 फरवरी को हुए मुठभेड़ में मारे गए 31 में से 21 को नक्सलियों ने माना साथी माना है। दक्षिण सब जोनल ब्यूरो प्रवक्ता समता ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि इस हत्याकांड के विरोध में 18 फरवरी को बीजापुर सुकमा व दंतेवाड़ा जिले में बंद का आह्वान किया है। समता ने बताया कि फरवरी 9 फरवरी के दिन बीजापुर जिले में नेशनल पार्क एरिया का टेकामेट्टा गांव का नजदीक जंगल में जनता का समस्या को समाधान के लिए हमारे पार्टी कार्यकर्ता जमा हुए थे। हजारों पुलिस बलों को भेज कर घेराव किया था। पुलिस ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इस मुठभेड़ में दो पुलिस जवान मारे गए तथा कुछ घायल भी हुए। नक्सलियों ने स्वीकार किया है कि उनके 21 साथी मारे गए हैं। हालांकि दस ▶▶ शेष पेज 2 पर

**आरटीई के तहत जारी होने वाली प्रतिपूर्ति राशि में मांगे थे 10 प्रतिशत**

## एक लाख की रिश्वत लेते डीईओ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर



एंटी करप्शन ब्यूरो ने शुक्रवार की देर शाम जिले में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल द्वारा अशासकीय स्कूलों को आरटीई के तहत मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि में 10 प्रतिशत की रिश्वत की मांग की गई थी। ऐसे में स्कूल संचालकों द्वारा मामले की शिकायत एसीबी से की गई थी। बड़ी बात यह है कि कार्रवाई के दौरान टीम ने आरोपी डीईओ के कक्ष ▶▶ शेष पेज 2 पर

### कार्यालय से मिले दो लाख रुपए नकद

बड़ी बात यह है कि जिला शिक्षा अधिकारी राल ललित पटेल द्वारा जिले में बड़े पैमाने पर रिश्वतखोरी किए जाने की शिकायतें मिल रही थी। डीईओ द्वारा जिले के कई स्कूलों से अवैध उगाही की जा रही थी और यही वजह है कि त्रस्त होकर कई अशासकीय स्कूलों के ▶▶ शेष पेज 2 पर

### इधर, सरपंच से 15 हजार की रिश्वत लेते हुए रेंजर गिरफ्तार



**खरसिया।** ग्राम पंचायत खड़गांव के सरपंच से 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए खरसिया के रेंजर टीपी वस्त्रकार को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत खड़गांव ▶▶ शेष पेज 2 पर

## पूर्व सीएम भूपेश राष्ट्रीय संगठन में महासचिव, बने पंजाब प्रभारी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/नई दिल्ली



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सुबाई सियासत से इतर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का महासचिव बनाकर पंजाब का प्रभार सौंपा गया है। एआईसीसी स्तर की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ से हालांकि कई नेताओं को समय-समय पर दी गई, लेकिन संभवतः ये पहला अवसर है, जब राज्य के किसी वरिष्ठ नेता को महासचिव बनाया गया हो। पंजाब में कांग्रेस को सत्ता में वापसी लाने में भूपेश कामयाब हुए तो कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में बतौर पिछड़ा नेता उनका कद बहुत बड़ा हो जायेगा।

गुरुवार को ही हरिभूमि ने अपने सुधि पाठकों तक भूपेश को महासचिव बनाये जाने और प्रभारियों को बदले जाने की खबर पहुंचाई थी। भूपेश और साथ कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे की टीम उनके विश्वस्त ▶▶ शेष पेज 2 पर

**नेशनल एंटी फ्राड यूनिट की जानकारी पर सक्रिय है छापामार टीम**

## आयुष्मान का फर्जीवाड़ा, कुछ और जिलों में छापेमारी, जांच में मिले गड़बड़ी के सबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नेशनल एंटी फ्राड यूनिट से मिले फाल्स क्लेम ट्रिगर के आधार पर प्रदेश के निजी अस्पतालों में स्टेट नोडल एजेंसी छापामार टीम की कार्रवाई जारी है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग के बाद रायगढ़ धमतरी सहित कुछ अन्य जिलों में छापेमारी की खबर है। जांच के दौरान यहां भी आयुष्मान योजना की आड़ में धांधली किए जाने का पता चला है जिस पर कार्रवाई ▶▶ शेष पेज 2 पर


आयुष्मान स्वाहा: 175 बेड के हास्पिटल में डाक्टर मिला एक, टीएमसी पोर्टल में 66, अस्पताल में मिले 17

### पक्ष रखने का अवसर मिले

निजी अस्पतालों पर हो रही कार्रवाई के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन तथा हास्पिटल बोर्ड की गुरुवार को बैठक हुई। हास्पिटल बोर्ड अध्यक्ष डा. सुरेन्द्र शुक्ला ने कहा कि कार्रवाई के पहले आरोप पर संबंधित अस्पताल को ▶▶ शेष पेज 2 पर

### डायरेक्टर बोलीं-फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं, कार्रवाई करेंगे

*संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि शासन की राशि का सही उपयोग और हितग्राहियों को उचित उपचार मिलना चाहिए। स्टेट नोडल एजेंसी इसके लिए अस्पतालों की सतत निगरानी कर रही है। नेशनल फ्राड युनिट से मिले फाल्स क्लेम ट्रिगर के आधार पर अस्पतालों की जांच की* ▶▶ शेष पेज 2 पर

### सभी का इलाज संभव नहीं

*हास्पिटल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता ने कहा कि सालो पुराने पैकेज के आधार पर सभी वर्ग के हितग्राहियों का इलाज किया जाना संभव नहीं है। इसे बारे में कई बार शासन का ध्यान आकृष्ठ किया गया है मगर अब तक संशोधन के लिए किसी तरह के कदम नहीं उठाए गए हैं। शासन को चाहिए कि वह योजना में निर्धारित पैकेज का रिवाइज करे अथवा निजी अस्पतालों को योजना से अलग कर दे।*

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
SAAT-2025
APPROVAL & RECOGNITION
Accredited by NAAC with Grade 'A++' | UGC Graded Autonomy(Category-I) | NBA Accredited | ICAR Accredited | NABL Accredited | NABH Accredited
AICTE Approved | NMC Approved | DCI Approved | PCI Approved | BCI Approved | INC Approved | VCI Approved
PROGRAMMES OFFERED
B.TECH PROGRAMMES
Civil Engineering
Electrical Engineering
Mechanical Engineering
Electrical and Electronics Engineering
Electronics and Communication Engineering
Computer Science and Engineering
Computer Science and Information Technology
Computer Science and Engineering (AI and ML)
Computer Science and Engineering (Cyber Security)
Computer Science and Engineering (Data Science)
Computer Science and Engineering (Internet of Things)
M.TECH PROGRAMMES
Structural Engineering
Electric Vehicle Technology
Machine Design and Robotics
Embedded System and VLSI Design
Computer Science and Engineering
MANAGEMENT PROGRAMMES
BBA
MBA
Integrated MBA
MBA (Hospital Administration)
MBA (Artificial Intelligence and Data Science)
M.Sc. PROGRAMMES
Physics
Chemistry
Mathemetics
Biotechnology
Integrated (M.Sc. Biotechnology)
COMPUTER APPLICATIONS PROGRAMMES
Bachelor of Computer Applications (BCA)
Master of Computer Applications (MCA)
PHARMACEUTICAL PROGRAMMES
B.Pharm.
M.Pharm.
LAW PROGRAMMES
BA LLB (H) - Integrated Law
BBA LLB (H) - Integrated Law
LLB (H) - 3 Years Law
LLM
HOTEL MANAGEMENT PROGRAMMES
BHMCT (Bachelor of Hotel Management & Catering Technology)
MBA (Hospitality Management)
NURSING PROGRAMMES
B.Sc. (Nursing) (Basic)
B.Sc. (Nursing) (Post Basic)
M.Sc. (Nursing)
AGRICULTURAL PROGRAMMES
B.Sc. (H) Agriculture
M.Sc. Agriculture
VETERINARY SCIENCE AND ANIMAL HUSBANDRY PROGRAMME
Bachelor of Veterinary Science & Animal Husbandry (B.V.Sc. & A.H.)
nirf National Institutional Ranking Framework 2024
14th in University Category
26th in Engineering Category
21st in Medical Category
09th in Dental Category
09th in Law Category
QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
64 in QS Southern Asia University Ranking
278 in QS Asia University Ranking
1201-1400 in QS World University Ranking
Instituion of Happiness
Recognized by QS I-Guage
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2024
801-1000 in THE World University Ranking
401-500 in Engineering Technology
601-800 in Computer Science
801-1000 in Health Sciences
To apply for admission through SAAT 2025,
Visit: www.soa.ac.in

## चिंतन

# अपने हितों की रक्षा के साथ अमेरिका से गहरे हों रिश्ते

अवैध प्रवासियों की वापसी के तरीके को लेकर भारत में अमेरिकी रवैये की हो रही आलोचना और मोदी और ट्रंप की वार्ता से ठीक चंद घंटे पूर्व टैरिफ पर अमेरिका के जैसे को तैसा फैसले के बीच भारत और अमेरिका ने कूटनीतिक समझदारी दिखाते हुए तनावपूर्ण भूराजनीतिक स्थिति में आपसी ट्रेड व सामरिक हित को अपने द्विपक्षीय रिश्ते के केंद्र में रखा है। शायद पहली बार अमेरिका ने खुलकर भारत के साथ अपने व्यापार घाटे को कम करने के लिए तेल व गैस के निर्यात व अपने खास फाइटर प्लेन देने की इच्छा जताई है। भारत और अमेरिकी सरकार की तरफ से आई खबरों के मुताबिक, मोदी व ट्रंप के बीच रक्षा, ऊर्जा व ट्रेड क्षेत्र के सभी अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें अवैध प्रवासियों को भेजने के तरीके, 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण, रक्षा डील, रेसीप्रोकल टैरिफ और तेल व गैस आपूर्ति आदि शामिल हैं। वाशिंगटन नई दिल्ली को अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान देगा। इंडो-यूएस आपसी ट्रेड को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर सालाना पर पहुंचाने के समझौते पर सहमत हुए हैं। दोनों मुल्क शुल्क दर में कमी लाने और बाजार पहुंच बढ़ाने के लिए किसी समझौते पर पहुंचने के लिए आपसी वार्ता करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। पीएम की इस यात्रा का कूटनीतिक व सामरिक महत्व है। सबसे पुराने व सबसे बड़े लोकतंत्र की जुगलबंदी दोनों मुल्कों के हित में है। भारत ने संतुलन बनाते हुए अमेरिका के साथ-साथ रूस, चीन, यूरोप के साथ संतोषप्रद संबंध बनाए रखा है। भारत और अमेरिका के बीच रूस व यूक्रेन जंग, आतंकवाद के मुद्दों पर भी बात हुई है। भारत ने एक बार फिर से शांति के साथ रहने की अपनी बात दोहराई है। ट्रंप जैसे अस्थिर व्यक्तित्व के नेतृत्व में अमेरिकी हित के बीच में मेक इन इंडिया ब्रांड को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाना भारत के लिए चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है। अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ से विश्व में ट्रेड वार बढ़ने की संभावना बढ़ सकती है। ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क से प्रभावित होकर अमेरिकी नीतियों को आकार दे रहे हैं। इससे अमेरिका एक ग्लोबल इंक की तरह व्यवहार करते दिख रहा है, जबकि अमेरिका की प्रतिष्ठा वैश्विक कल्याण को आगे बढ़ाने की रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन व पेरिस जलवायु करार से बाहर आना, अमेरिकी सरकारी खर्चे में कटौती के लिए कदम उठाना आदि के चलते अमेरिका के हित को ही दीर्घावधि में नुकसान पहुंचेगा। भारत जैसे विकासशील देशों को अपने बाजार विश्व व्यापार नियमों का पालन करते हुए भी सोच समझकर ही खोलना होगा। भारत किसी देश के हित के लिए अपने सुरक्षित बाजार को डंपिंग यार्ड में कभी भी तब्दील नहीं करेगा। आपसी व्यापार संबंध पूरी तरह से 'कॉम्पैक्ट' (सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य तथा प्रौद्योगिकी के लिए अवसर उत्पन्न करने) आकांक्षाओं को पूरा करेगा। अमेरिका जवाबी शुल्क लगाने में भारत को छूट नहीं देगा, यह राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ कर दिया है। ट्रंप ने सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। इस फैसले के बाद भारतीय इस्पात उत्पादकों को अपने उत्पादों के निर्यात में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। भारत को अमेरिका के सामने डटे रहना होगा, अपनी नाराजगी कड़ाई से जतानी होगी, अपने हितों को आगे रखना होगा और ट्रंप प्रशासन के किसी भी दबाव से बाहर रहना होगा। इंटरनेशनल ट्रेड में भारत के लिए अवसरों की कमी नहीं है।



विश्लेषण

प्रो. नीलम महाजन सिंह

# बदलाव की उम्मीद में 'भ्रष्ट सत्ता' का अंत

यूं तो फ्रीबिज के हमाम में सब खोटे हैं, लेकिन ईमानदार व भ्रष्टाचारमुक्त शासन का वादा करके राजनीति का आगाज करने वालों ने अपनी शुरुआत ही मुफ्त के वादों से की थी, यह सरासर राजनीतिक बेईमानी थी। देश की इकलौती पार्टी आम आदमी पार्टी है, जिसे सत्ता पाने के लिए लंबे समय तक सड़कों पर संघर्ष नही करना पड़ा, आंदोलन के स्टेज से सीधे दिल्ली के तख्त तक पहुंची। अनुभवहीनता शासन में दिखी। आप ने सहयोग के बजाय टकराव का रास्ता चुना, कौन सुप्रीम, इसे तय करने में ही वक्त गंवाया, राष्ट्रीय राजधानी को और बेहतर बनाने के लिए फोकस होकर प्रयास नहीं किया। जनहित की राजनीति की उम्मीद बंध गई थी। बारह साल में यह उम्मीद टूट गई।

लोकतंत्र में बदलाव आवश्यक और सकारात्मक है। इससे राजनीति की जीवंतता का एहसास होता है। निरंकुशता का खतरा टलता है। हर राज्य में, देश में, एक अंतराल पर सत्ता बदलती रहनी चाहिए। दिल्ली इस बदलाव की बड़ी गवाह है। जब से सत्ता का केंद्र दिल्ली बनी, तब से इसने न जाने कितने बदलाव देखे। हालिया बदलाव ने भी संदेश दिया है कि सत्ता जनता ही तय करती है, उसे बरगलाया नहीं जा सकता है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल की पार्टी की करारी शिकस्त किसी भी दल के लिए बड़ा सबक है कि जनता झूठ, फरेब, कुतर्क, बड़बोलेपन, निम्नस्तर की भाषा, फ्रीबिज़ की हफीम पसंद नहीं करती है।

सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव से पहले रेवड़ियों की घोषणाओं पर सवाल उठाए हैं। यूं तो फ्रीबिज़ के हमाम में सब खोटे हैं, लेकिन ईमानदार व भ्रष्टाचारमुक्त शासन का वादा करके राजनीति का आगाज करने वालों ने अपनी शुरुआत ही मुफ्त के वादों से की थी, यह सरासर राजनीतिक बेईमानी थी। देश की इकलौती पार्टी आम आदमी पार्टी है, जिसे सत्ता पाने के लिए लंबे समय तक सड़कों पर संघर्ष नही करना पड़ा, आंदोलन के स्टेज से सीधे दिल्ली के तख्त तक पहुंची। अनुभवहीनता शासन में दिखी। आप ने सहयोग के बजाय टकराव का रास्ता चुना, कौन सुप्रीम, इसे तय करने में ही वक्त गंवाया, राष्ट्रीय राजधानी को और बेहतर बनाने के लिए फोकस होकर प्रयास नहीं किया। यूं तो देश में सभी दलों की हालत एक सी है, लेकिन अण्णा हजारे के आंदोलन की कोख से जन्मी आम आदमी पार्टी से जनता को ईमानदार, भ्रष्टाचारमुक्त जनहित की राजनीति की उम्मीद बंध गई थी। बारह साल में यह उम्मीद टूट गई। अब शायद ही जनता कभी अण्णा जैसा व्यापक आंदोलन भविष्य में देखे और किसी भी नई किस्म की राजनीति के वादे पर विश्वास करे। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार उसकी राजनीतिक यात्रा की असल शुरुआत होगी, लोग देखेंगे कि आप विपक्ष की भूमिका कैसे निभाती है, कितनी संयमित रहती है, कितनी रचनात्मक रहती है, जनता के मुद्दों से कितना सरोकार रखती है। दल से जुड़े लोग कितने समय तक टिके रहते हैं। खुद अरविंद केजरीवाल विपक्ष में रहकर राजनेता बन पाते हैं या नहीं? आगे की राजनीति पर आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल का भविष्य निर्भर करेगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ बने मोमेंटम का राजनीतिक लाभ लेना बुद्धिमत्ता थी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों में घिर कर सत्ता गंवाना राजनीतिक आत्महत्या की तरह है। बदलाव की राजनीति सत्ता की राजनीति में परिवर्तित हो गई। आम आदमी पार्टी से देश के करोड़ों प्रगतिशील लोगों को उम्मीदें थीं। यह उम्मीद ही थी कि लोगों ने पार्टी बनाने में अपनी गाढ़ी कमाई से करोड़ों दान कर दिए। अरविंद केजरीवाल ने अपनी सत्ता की महत्वाकांक्षा में उन सभी उम्मीदों को तोड़ दिया। मास की राजनीति करना आसान नहीं होता, क्योंकि आपके पास कोई पैमाना नहीं होता कि जनता आपकी पार्टी या आपके बारे में क्या राय रख रही है, इसलिए अधिकांश नेता व दल अनाप शनाप हरकतें करते रहते हैं। कभी चांद तो कभी चंदा मामा की बात करने लगते हैं। जनता को हल्के में लेने लगते हैं, उनकी असल ज़रूरतों को कम करके आंकने लगते हैं और रेवड़ियों पर भरोसा



करने लगते हैं। आम आदमी पार्टी को सुशासन से अधिक भरोसा मुफ़्त पानी व बिजली पर था, जनता को कभी कुछ मुफ्त में नहीं चाहिए, उनको सुविधा चाहिए, शांति चाहिए, अच्छा माहौल चाहिए। राजनीति जनता को सक्षम व समर्थ बनाने के लिए होनी चाहिए, न कि उसे परजीवी-पराश्रित बनाने के लिए। नए तरह की राजनीति का वादा करने वाली आम आदमी पार्टी भी सत्ता पाने के लिए व बने रहने के लिए दूसरे दलों की तरह ही झूठ व तिकड़म की राजनीति करते दिखी। एक 'मफलर मैन से शीशमहल की यात्रा' में तब्दील हुई अरविंद केजरीवाल की राजनीति को आखिरकार उसी जनता ने आईना दिखा दिया।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी को 'आप-दा' मुक्त करने का आह्वान किया था। जनता ने पीएम मोदी व भाजपा पर भरोसा किया। दिल्ली को 'आप-दा' मुक्त कर दिया। आम आदमी पार्टी ध्वस्त हो गई। प्रधानमंत्री मोदी की आंधी में दिल्ली को कूड़ा दान बनाने वाली झाड़ू तार-तार होकर तिनके की तरह बिखर गई। खुद केजरीवाल अपनी सीट नहीं बचा पाए। दिल्ली के विधानसभा चुनावों में भाजपा को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ है। 48 सीटों में विजय पाकर, नरेंद्र मोदी की छवि मज़बूत हुई है। आप को 22 सीटों पर ही जीत प्राप्त हुई है। कांग्रेस को एकबार फिर शून्य से ही गुजारा करना पड़ा। अब पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से की गई गारंटीयों के वादों को दिल्ली की भाजपा सरकार को लागू करना होगा। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्लीवासियों ने 61% वोट डाले हैं। सभी राजनीतिक दलों द्वारा एक-दूसरे पर तरह-तरह के आरोप लगाए गए थे। पैसे, शराब व सामान आदि बांटने से लेकर एक-दूसरे को धमकियां व गाली-गलौज आम बात रही। सार्वजनिक जीवन में अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं होना चाहिए। लगभग सभी सर्वेक्षणों ने पोल विश्लेषण के परिणाम, भाजपा के हक में दिए थे। दिल्ली के लोगों के लिए मुख्य मुद्दे, भारत के अन्य राज्यों से अलग हैं। पीएम ने सुशासन, विकास का मॉडल देने का वादा किया है। भाजपा की जीत के कुछ विशेष कारण हैं। दिल्ली के नागरिकों को चार चीज़ों की ज़रूरत है, यानी पीने का साफ पानी, स्वच्छ प्रदूषण मुक्त वातावरण, महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। मध्यम वर्ग को केवल मुफ़्त शिक्षा ही महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन 'उचित फीस' पर बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी ज़रूरी है। दिल्ली में हर कोई 'बीपीएल कार्ड धारक' नहीं है। दिल्ली वासियों के लिए किफायती बिजली के बिल ज़रूरी हैं। हम 200 यूनिट तक मुफ़्त बिजली और 400 यूनिट तक 50% छूट की बात नहीं कर रहे हैं। महिलाओं की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। राज्य की सामाजिक कल्याण योजनाएं निश्चित रूप से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन लाभ का लक्ष्य मध्यम वर्ग होना चाहिए। कांग्रेस अपने ज़मीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को संगठित नहीं कर पाई व उसका प्रचार लक्ष्यहीन रहा। कांग्रेस अपने अभियान की रणनीति नहीं बना पाई। आप के बहुत से कार्यकर्ताओं ने उत्साह से काम नहीं किया। भाजपा का ध्यान आम आदमी तक पहुंचने पर केंद्रित था। अब डबल इंजन की सरकार बन रही है। बड़ी बात है कि भाजपा अब तक अपना मुख्यमंत्री तय नहीं कर पाई है। केन्द्र सरकार व भाजपा की दिल्ली सरकार एकजुट होकर दिल्ली की जनता को सभी प्रकार से समृद्ध करेगी। घोषणा पत्र में किए गए सभी वादों को कार्यान्वित कर, दिल्ली की जनता की सेवा करने से, राजधानी दिल्ली को अन्तरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने की ओर अग्रसर रहना होगा। 'जिन हाथों में शक्ति भरी है राजतिलक देने की, उन हाथों में ही ताकत है सिर उतार लेने की', पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने लोक सभा में अपने भाषण में यही परिस्थिति का आकलन किया था।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक, शिक्षाविद, दूरदर्शन व्यक्तित्व व परोपकारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## दो टूक

रोहित कौशिक




# कॉमेडी में अश्लीलता का तड़का अनुचित

समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट'पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। रणवीर इलाहाबादिया अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवादों में हैं। रणवीर ने माता-पिता व परिवार को लेकर अश्लील कमेंट किया था। इस कमेंट पर काफी विवाद हो रहा है। यूट्यूबर रणवीर, कॉमेडियन समय रैना और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्व मखीजा और शो के आयोजकों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। रणवीर अपने यूट्यूब पॉडकास्ट में फिल्मी हस्तियों और चर्चित हस्तियों से चर्चा करते हैं। सोशल मीडिया पर बहुत बड़ी संख्या में उनके फॉलोवर्स हैं। अब यूट्यूब ने वह वीडियो हटा दिया है। रणवीर ने अपनी इस हरकत के लिए माफी भी मांग ली है लेकिन रणवीर पर सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। रणवीर ने शो में शामिल प्रतिभागी से पूछा था कि क्या आप अपने माता-पिता को अपने जीवन के बाकी हिस्से के लिए हर दिन सेक्स करते हुए देखेंगे या एक बार शामिल होंगे और इसे हमेशा के लिए रोकेंगे। कॉमेडी के नाम पर इस तरह के प्रश्न पूछना क्या वास्तव में जरूरी है। सवाल यह है कि ऐसे प्रश्नों से क्या हासिल हो जाएगा ? क्या माता- पिता के यौन सम्बन्धों को मजाक का विषय बनाया जा सकता हैं ? हालांकि पहले से ही यौन सम्बन्धों पर मजाक होते रहे हैं। पहले छिपकर यौन सम्बन्धों पर मजाक होते थे लेकिन अब यौन सम्बन्धों पर मजाक करना एक फैशन मान लिया गया है। सेक्स एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। सभी जीव-जंतु इसी प्रक्रिया के माध्यम से अपना जीवन चक्र चलाते हैं। सवाल यह है कि क्या किसी प्राकृतिक प्रक्रिया को आश्चर्य के तौर पर देखा जाना चाहिए? एक प्राकृतिक प्रक्रिया को मजाक बनाकर कहीं हम अपनी कुंठा तो नहीं दिखाते हैं ? इसी कुंठा के कारण हम कई नई चीजों को जन्म दे देते हैं। दरअसल यूट्यूब पर घटिया व्यंग्य और घटिया मजाक के अनेक शो चल रहे हैं। सच्चे अर्थों में तो इन्हें व्यंग्य भी नहीं कहा जा सकता। द्विअर्थी संवाद और सेक्स से सम्बंधित बातों का छौंक लगाकर इन्हें व्यंग्य और हास्य का नाम दिया जाता है। शर्मनाक तो यह है कि ऐसे शो को पसंद करने वाले लोग भी लाखों में हैं। इसका अर्थ यह है कि यह समाज ही ऐसे शो को पसंद करता है। बड़ी संख्या में लोगों द्वारा पसंद करने के कारण ही ये शो चल भी रहे हैं। सवाल यह है कि क्या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर शर्मनाक और घटिया हरकतों की इजाजत दी जा सकती है? शायद नहीं। इस दौर में सिर्फ एक रणवीर नहीं बल्कि सैकड़ों रणवीर इलाहाबादिया पैदा हो गए हैं। टैलेंट के नाम पर फूहड़ता को बढ़ावा दिया जा रहा है। टैलेंट के नाम पर गालियां देना आम हो गया है। जैसे इसे इस जमाने का फैशन मान लिया गया हो। शायद यह कभी सोचा भी नहीं गया होगा कि एक दिन गालियां देना भी फैशन हो जाएगा। सवाल यह है कि रणवीर इलाहाबादिया जैसे लोग घटिया हरकतों और घटिया टिप्पणियों को अपना अधिकार कैसे समझ लेते हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर क्या कुछ भी बोल देना हमारा अधिकार होना चाहिए ? हमें अपने अधिकार तो बहुत जल्दी याद आने लगते हैं लेकिन अपनी जिम्मेदारी बहुत जल्दी भूल जाते हैं। जाहिर है कि यदि हम अपनी जिम्मेदारी का ध्यान रखें तो ऐसी हरकतें सामने आ ही नहीं सकती हैं। दरअसल इस दौर में जिस तरह से नैतिकता को फालतू चीज मान लिया है उससे स्थिति बद से बदतर ही हुई है। यह ठीक है कि हर इंसान के लिए नैतिकता की परिभाषा अलग-अलग हो सकती है लेकिन इसके बावजूद हमारे अंदर इतना विवेक तो होना ही चाहिए कि हम स्वयं अपनी एक सीमा रेखा खींच सकें। इस दौर में बोल्ड दिखने की ऐसी प्रतिस्पर्धा हो रही है कि जिसमें हमारे आधारभूत संस्कार ही पीछे हो गए हैं। संस्कार नाम की चीज को पिछड़ा हुआ माना जाने लगा है। तभी तो एक शो में अपने माता-पिता के सेक्स को भी अपने मनोरंजन की बात बना दिया जाता है। क्या रणवीर के माता-पिता ने उसे यही संस्कार दिए होंगे। क्या इस दौर में माता-पिता की भी यह जिम्मेदारी नहीं है कि वे अपने बच्चों को संस्कारों का भी पाठ पढ़ाएं और इसे प्रगतिशीलता के मार्ग में अवरोधक न माना जाए। सवाल उठता है कि क्या रणवीर के माता-पिता उसकी इस बोल्ड छवि को स्वीकार कर पाएंगे। इसलिए इस दौर में भी संस्कारों को पुरानी चीज नहीं माना जाना चाहिए। इस तरह के शो में अपना स्तर इतना नीचे नहीं गिराना चाहिए कि सारी शर्म ही खत्म हो जाए। मर्यादा में रहकर ही संवाद किया जाना चाहिए। ऐसे संवादों में मानवीय रिश्तों की गरिमा का ध्यान भी रखा जाना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शांति से सभी दुखों को खत्म किया जा सकता है




संकलित

दर्शन

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए।

# तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा




संकलित

प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिये वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था: राम राम ! मै हत्यारा हूँ, मुझे भिक्षा दीजिये। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान् के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिये। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहा: यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा: हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**स्टार्टअप और कौशल विकास बेरोजगारी का हल**


आज से लगभग आठ वर्ष पहले केंद्र सरकार ने स्टार्टअप योजना को अमल में लाया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़, यानी उद्योगों को और मजबूत बनाना है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ-साथ महिला उद्यमियों को सब्सिडी भी मिलती है। सरकार इस योजना के अधीन उद्योगों को टैक्स में भी छूट देती है। हमारे देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। देश के उद्योग जितने मजबूत होंगे उतने ही रोजगार उपलब्ध होंगे और देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी।

- पंकज मेहता, धमतरी

## करंट अफेयर

# मोदी का ट्रंप को 'मागा' की तर्ज पर 'मीगा' का मंत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चर्चित कथन 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (मागा) की तर्ज पर 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (मीगा) का मंत्र दिया और कहा कि ये दोनों दृष्टिकोण मिलकर समृद्धि के लिए ''मेगा'' साझेदारी बनाते हैं तथा द्विपक्षीय साझेदारी को नई ऊंचाई प्रदान करने वाले हैं। उन्होंने ये टिप्पणियां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त सम्मेलन के दौरान कीं। दोनों नेताओं ने यहां रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय साझेदारी को व्यापक बनाने के लिए एक नई रूपरेखा तैयार करने को लेकर मुख्य रूप से बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के आदर्श वाक्य, 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (अमेरिका को फिर से महान बनाएं) यानी 'मागा' से सब परिचित हैं। भारत के लोग भी विरासत और विकास की राह पर 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के साथ तेज गति से विकास की ओर बढ़ रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''अगर मैं अमेरिका की भाषा में कहूं तो विकसित भारत का मतलब 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (भारत को फिर से महान बनाएं) यानी 'मीगा' है। जब संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत एक साथ काम करते हैं, यानी मागा और मीगा मिलकर समृद्धि के लिए ''मेगा'' साझेदारी बनती है तथा यह ''मेगा'' भावना हमारे लक्ष्यों को नया आकार और दायरा प्रदान करती है।''



## ऑफ बीट

# क्या एआई हमें मंदबुद्धि बना रहा है? शोध में आशंका

हममें से ज्यादातर लोग एक हद तक ही सोच पाते हैं। बिना कलम और कागज या कैलकुलेटर के 16,951 को 67 से भाग देने की कोशिश करें। पिछले हफ्ते बनाई गई सूची या अपने फोन पर उपलब्ध फेहरिस्त के बिना हफ्ते भर की खरीदारी करने की कोशिश करें। अपने जीवन को आसान बनाने के लिए इन उपकरणों पर निर्भर रहकर हम खुद को अधिक बुद्धिमान बना रहे हैं या मूर्ख? हम अपनी कार्यकुशलता बढ़ने के बावजूद क्या एक प्रजाति के रूप में अज्ञानता के और करीब जाने लगे हैं? यह प्रश्न विशेष रूप से ओपनएआई कंपनी के स्वामित्व वाला एक एआई चैटबॉट 'चैटजीपीटी' जैसी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के संबंध में विचार करने के लिए महत्वपूर्ण है, जिसका प्रत्येक सप्ताह 30 करोड़ लोग लेखन के समय उपयोग करते हैं। 'माइक्रोसॉफ्ट' और अमेरिका के कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की एक टीम द्वारा हाल ही में लिखे गए एक शोधपत्र के अनुसार, उक्त प्रश्न का उत्तर हां हो सकता है। लेकिन बात इससे कहीं आगे पहुंच चुकी है। अच्छी सूझबूझ शोधकर्ताओं ने मूल्यांकन किया कि उपयोगकर्ता अपनी विश्लेषणात्मक सोच पर एआई के प्रभाव को कैसे समझते हैं। आम तौर पर, विश्लेषणात्मक सोच का संबंध अच्छी तरह से सोचने से होता है।



## ट्रेंड

### एक्सप्रेस-वे का मुआयना

उत्तर प्रदेश प्रवास के दौरान आज 8000 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे लखनऊ-कानपुर ग्रीनफील्ड एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे का सांसद आई रमेश अवस्थी व डीएस भौंसले के साथ मुआयना किया।

-नितिन गड़करी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री



### पावन तीर्थ स्नान

144 साल बाद हो रहे तीर्थराज प्रयाग के महाकुंभ के भव्य आयोजन की व्यवस्था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। एक हिंदू के नाते मैं भी उसमें पावन तीर्थ स्नान करने आया हूँ।

-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र



### विनम्र श्रद्धांजलि

पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हमारे वीर जवानों को शत-शत नमन और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत उनका सर्वोच्च बलिदान कभी नहीं भूलेगा।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



### महाकुम्भ में आशीर्वाद

पवित्र नदियों में स्नान करना पूर्वकर्मों के नाश और इस जीवन में सच्ची मुक्ति की ओर अग्रसर होने का प्रतीक है। कुम्भ मेला एकता, शांति और विभिन्न समुदायों के बीच सहयोग के आदर्शों को प्रतिष्ठित करता है। महा कुम्भ में आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर पाकर अत्यन्त गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ।

-विवेक ओबेराय, अभिनेता



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शनिवार, 15 फरवरी 2025
फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया
वर्ष : 23, अंक : 210
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**
मौसम
अधि. 31.5
न्यून. 15.1
haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 17, 20 और 23 को**

**हर प्रत्याशी नियुक्त करेगा एक-एक एजेंट**

# पंचायत चुनाव में तैनात होंगे पौने दो लाख पोलिंग एजेंट, इनकी पहली जिम्मेदारी फर्जी मतदान रोकना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव के लिए तीन चरणों में होने वाला मतदान 17,20 और 23 फरवरी को होगा, लेकिन इन चुनाव के पहले ही पंच, सरपंच, जनपद पंचायत और जिला पंचायत सदस्य पदों के चुनाव के लिए अभ्यर्थी अपने एक-एक पोलिंग एजेंट नियुक्त करेंगे। राज्य में कुल मिलाकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत 433 जिला पंचायत सदस्य, 2973 जनपद पंचायत सदस्य, 11 हजार 672 ग्राम पंचायत सरपंच और 1 लाख 60 हजार 180 ग्राम पंचायत पंच का चुनाव होगा। यानी पौने दो लाख से अधिक पोलिंग एजेंट भी मतदान केंद्र में तैनात रहेंगे। खास बात ये है कि इन पोलिंग एजेंट के हिस्से का पहला काम मतदाताओं की सही पहचान करना, ▶▶|शेष पेज 2 पर



## कोई दूसरा वोट डाल दे तो क्या करना होगा

यदि कोई व्यक्ति स्वयं को मतदाता बताते हुए मतपत्र की मांग करे तथा निर्वाचक नामावली को देखने से यह पता लगे कि उस नाम से कोई अन्य व्यक्ति पहले ही मतदान कर गया है तो पीठासीन अधिकारी ऐसे व्यक्ति से पूछताछ करेगा तथा यह संतुष्टि हो जाने पर कि उपस्थित व्यक्ति वास्तविक मतदाता है, उसे एक मतपत्र देगा। ऐसे मतपत्र (जिसे निविदत्त मतपत्र कहते हैं) उस मतदान केन्द्र पर उपयोग हेतु दिए गए मतपत्रों के बंडल में से आखिरी अनुक्रमांक का मतपत्र होगा। मतदाता द्वारा (मतदान कोष्ट में जाकर) ऐसे निविदत्त मतपत्र पर अपना मतांकन करने के बाद उसे मतपेटी में नहीं डाला जाएगा बल्कि मोडकर पीठासीन अधिकारी को सौंप दिया जाएगा जो कि उसे इस प्रयोजन के लिए विशेष ▶▶|शेष पेज 2 पर

## मतदाता को पहचानना जरूरी

मतदाता सूची यानि निर्वाचक नामावली में किसी मतदाता के सम्बन्ध में प्रविष्टियां कभी-कभी गलत मुद्रित हो जाती है या वे पुरानी रहती है। आयु, मकान नम्बर आदि से सम्बन्धित प्रविष्टियों में ऐसी त्रुटियां बहुधा पाई जाती है। मतदान अभिकर्ता को ऐसी लिपिकीय या मुद्रण त्रुटियों को अनदेखा करना चाहिए और यदि वह मतदाता के पहचान के बारे में अन्यथा संतुष्ट है, तो उसे आपत्ति नहीं कर सकते। यदि किसी मतदान अभिकर्ता के पास, निर्वाचक नामावली में शामिल मृत या गांव छोड़कर जा चुके व्यक्तियों की सूची हो तो उसे चाहिए कि वह मतदान के दिन केन्द्र पर ऐसी सूची की एक प्रति लेकर आए। इससे मृत और अनुपस्थित मतदाताओं के नाम पर मत डालने के लिए आने वाले फर्जी मतदाताओं को हतोत्साहित करने में सहायता मिलेगी और प्रतिरूपण की दुःस्साहसिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा।



## ऐसे होती है मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति

कोई भी अभ्यर्थी या उसका निर्वाचन अभिकर्ता, उसके वार्ड या निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिये एक मतदान अभिकर्ता नियुक्त कर सकता है। लेकिन एक ही समय पर किसी भी मतदान केन्द्र के भीतर अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता या उसके मतदान अभिकर्ता में से केवल एक व्यक्ति उपस्थित रह सकता है। जब कभी कोई मतदान अभिकर्ता बाहर जाए तब उसके स्थान पर एवजीदार (स्थानापन्न) अभिकर्ता आ सकता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी-राहुल करेंगे चुनाव आयुक्त का चयन

**नई दिल्ली।** कानून मंत्रालय की ओर से नये मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन के लिए 17 फरवरी को तीन सदस्यीय कमेटी की बैठक बुलाई गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी चयन कमेटी की बैठक में शामिल होंगे। मौजूदा सीईसी राजीव कुमार का कार्यकाल 18 फरवरी को खत्म हो रहा है।

### टाटा समूह के चेयरमैन को 'नाइटहुड' की उपाधि

**नई दिल्ली।** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को ब्रिटेन-भारत व्यापार संबंधों में उनकी सेवाओं के लिए ब्रिटेन द्वारा मानद 'नाइटहुड' से सम्मानित किया गया है। चंद्रशेखरन को 'ब्रिटिश साम्राज्य का सबसे उत्कृष्ट आदेश (नागरिक खंड)- मानद डीबीई/केबीई' (योद्धा या डेम कमांडर) से सम्मानित किया गया है।



### ट्रंप का भारत के साथ रक्षा क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाने का ऐलान

# चीन बेचैन-पाक सहमा, अमेरिका से भारत को मिलेंगे एफ-35 लड़ाकू विमान

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वार्ता के बाद यहां दोनों देशों के बीच रक्षा और ऊर्जा समेत अन्य रणनीतिक संबंधों को व्यापक बनाने की दिशा में बड़ी छलांग लगाने का ऐलान करते हुए कहा कि वाशिंगटन भारत को अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान देगा। ट्रंप ने कहा कि भारत व्यापार घाटे को कम करने के लिए अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू विमानों सहित अधिक तेल, गैस और सैन्य उपकरण खरीदेगा, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि वाशिंगटन जवाबी शुल्क से भारत को नहीं बख्शेगा।

ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास 'व्हाइट हाउस' में स्थित अपने ओवल कार्यालय में गुरुवार (भारतीय समयानुसार, शुक्रवार) को मोदी से हाथ मिलाकर और गले लगाकर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया तथा प्रधानमंत्री को लंबे समय से अपना 'अच्छा मित्र' और 'शानदार' व्यक्ति बताया। मोदी के साथ व्यापक बातचीत करने के बाद, ट्रंप ने कहा कि दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच ▶▶|शेष पेज 2 पर

## पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक काफी चर्चा में रही। इस दौरान अमेरिका ने भारत को एफ-35 लाइटनिंग-2 फाइटर जेट की आपूर्ति करने की पेशकश कर दी। इस प्रस्ताव से चर्चा तेज हो गई है क्योंकि इससे चीन और पाकिस्तान भी असहज होगा। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि हम भारत को अरबों डॉलर की सैन्य बिक्री बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि हम भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान उपलब्ध कराने के रास्ते भी खोल रहे हैं।



### सबसे घातक और टिकाऊ -एफ35

एफ35 जेट विमानों को दुनिया में सबसे घातक, टिकाऊ और 'कनेक्टेड' लड़ाकू विमानों के रूप में जाना जाता है। एफ-35 फिफ्थ जनरेशन का लड़ाकू विमान है, जो सुपरसोनिक गति पर तेजी से काम करने की क्षमता के लिए प्रसिद्ध है।

### तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण

ट्रंप ने मुंबई पर 26/11 हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का जिक्र किया। उन्होंने कहा, मुझे खुशी हो रही है कि मेरे प्रशासन ने दुनिया के सबसे बुरे लोगों में से एक के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। राणा लॉस एंजिलिस के एक 'मेट्रोपोलिटन डिटेंशन सेंटर' में हिरासत में है।

### इन मुद्दों पर ऐसी बात

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने असैन्य-परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भारत-अमेरिका सहयोग में सकारात्मक प्रगति का भी उल्लेख किया।
- पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों पर ट्रंप ने इन 'झड़पों' को 'निंदनीय' बताया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह चाहते हैं कि चीन, भारत, रूस और अमेरिका - सभी अच्छी तरह से मिल-जुलकर रहें।

### द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य

भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुने से अधिक बढ़ाकर 500 अरब डॉलर पहुंचाने का संकल्प किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए, नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार के लिए एक नया साहसिक लक्ष्य 'मिशन 500' निर्धारित किया, जिसके तहत मकसद 2030 तक कुल द्विपक्षीय व्यापार को दोगुने से अधिक बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करना है। दोनों नेताओं ने इस बात को स्वीकार किया कि महत्वाकांक्षा के इस स्तर के लिए नए, निष्पक्ष-व्यापार शर्तों की आवश्यकता होगी। अमेरिका ने भारत द्वारा हाल ही में उठाए गए कदमों की सराहना की है, जिसमें बोरबॉन, मोटरसाइकिल, आईसीटी उत्पादों और धातुओं के क्षेत्र में अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क कम करना, साथ ही अल्फाल्फा घास और बत्तख के मांस जैसे अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए बाजार पहुंच बढ़ाने के उपाय शामिल हैं। दोनों देशों ने भारत को औद्योगिक वस्तुओं के अमेरिकी निर्यात और अमेरिका को श्रम-प्रधान विनिर्मित उत्पादों के भारतीय निर्यात को बढ़ाने का संकल्प किया।

# आठ दिनों में निवेशकों के 25 लाख करोड़ स्वाहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को लगातार 8वें दिन गिरावट जारी रही। बाजार में लगातार आठ कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट के कारण निवेशकों को 25.31 लाख करोड़ रुपए कर नुकसान हुआ है। खास बात यह है कि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़कर बंद हुए।

- अमेरिकी और चीनी बाजार में उछाल, सिर्फ भारतीय बाजार डोला

### सेंसेक्स 200 अंक और टूटा

कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 199.76 अंक यानी 0.26 प्रतिशत गिरकर 75,939.21 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 699.33 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 102.15 अंक यानी 0.44 प्रतिशत गिरकर 22,929.25 पर बंद हुआ। आठ कारोबारी सत्रों में बीएसई सेंसेक्स 2,644.6 अंक यानी 3.36 प्रतिशत और निफ्टी 810 अंक यानी 3.41 प्रतिशत टूट चुका है।

**एक्सपर्ट व्यू**

### कब लौटेंगे विदेशी निवेशक

बैंक ऑफ अमेरिका के रिसर्च हेड अमीष शाह के मुताबिक ग्लोबल इनवेस्टर भारत जैसे उभरते हुए बाजारों से करीब 15 फीसदी रिटर्न की उम्मीद रखते हैं। हालांकि ट्रेजरी यील्ड बढ़ने के साथ अब उन्हें बिना किसी जोखिम के भारत से बाहर 4.5 फीसदी का डॉलर रिटर्न मिल रहा है वहीं रुपए में 5 फीसदी की गिरावट भी है। ऐसे में बाहर निकलने वाले निवेशकों को 9 फीसदी ऐसा फायदा मिल रहा है, जिसमें जोखिम भी नहीं है। इसके साथ ही विदेशी निवेशकों को इक्विटी मार्केट में भी ऊंचे रिटर्न मिलने की उम्मीद है।

# वेलेंटाइन डे के पहले ट्रेन से कटकर युवक-युवती की मौत

- प्रेम-प्रसंग के चलते खुदकुशी की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर


वेलेंटाइन डे के एक दिन पहले दाधापारा रेलवे स्टेशन यार्ड में मालगाड़ी से कटकर युवक और युवती की मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की है। प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। जीआरपी को गुरुवार को सूचना मिली कि दाधापारा रेलवे स्टेशन के यार्ड में युवक और युवती की क्षतविक्षत हालत में लाश रेलवे लाइन पर पड़ी हुई है। सूचना ▶▶|शेष पेज 2 पर

### पार्टी में जाने निकली थी युवती

दोनों के संबंध में जीआरपी को परिजन से पूछताछ में जानकारी मिली कि युवती शाम को पार्टी में जाने के लिए निकली थी, उसके बाद घर वापस नहीं लौटी। युवक भी काम पर निकल गया था। जीआरपी ने दोनों के प्रेम प्रेसंग होने की संभावना व्यक्त की, लेकिन ▶▶|शेष पेज 2 पर

# सीबीएसई 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाएं आज से

- अजमेर रीजन की तैयारी पूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीबीएसई की वर्ष 2025 की 10वीं व 12वीं की मुख्य परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही हैं। सीबीएसई अजमेर रीजन में परीक्षा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राजस्थान व गुजरात के 2 लाख 70 हजार स्टूडेंट्स परीक्षा में बैठेंगे। सीबीएसई अजमेर रीजन के रीजनल ऑफिसर श्याम कपूर ने बताया कि 10वीं में 1 लाख 40 हजार और 12वीं में 1 लाख 30 हजार स्टूडेंट्स हैं। परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं।

### प्रवेश- पत्र में क्यूआर कोड

अजमेर में सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में स्टूडेंट्स को प्रवेश पत्र प्रदान कर दिए हैं। इन प्रवेश पत्रों पर स्टूडेंट की फोटो के साथ ही उसका नाम व अन्य विवरण है। साथ ही परीक्षार्थी किस विषय की परीक्षा देगा और उन विषयों की परीक्षा कब कब है, इसका टाइम टेबल भी दिया गया है।

# सात याचिकाएं हिंदी में, हिंदी में ही बहस, हिंदी में ही दिया गया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट में 7 याचिकाएं हिंदी में दायर की गईं। इसमें बहस भी दोनों पक्षों में हिंदी में हुई और जस्टिस ए. के. प्रसाद ने इन सात याचिकाओं पर आदेश भी हिंदी में ही जारी किया है। कोर्ट ने दैनिक भोगी कर्मियों को एकाएक काम से निकालने और उनका बकाया भुगतान नहीं देने के मामले में 45 दिन में निराकरण करने का निर्देश दिया है।



- दैनिक भोगी कर्मियों के मामले में 45 दिन में निराकरण का आदेश

### कोर्ट ने दिया यह निर्देश

सुनवाई के बाद कोर्ट ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जांजगीर चांपा एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शक्ति एवं अन्य को निर्देशित किया है की मामले का निराकरण 45 दिन में करें।

जांजगीर चांपा जिले के दूरस्थ ग्रामों में रहने वाले सावित्री साहू, श्रीमती भगवती देवांगन, सुनील कुमार बंजारा श्रीमती धनेश्वरी, गायत्री मनहर श्रीमती शशि कला यादव, कार्तिक राम, भानु प्रताप, करण सिंह सूर्यवंशी, श्रीमती पूनम खरे, श्रीमती सुनीता कश्यप, देवकुमारी मरावी, अनिरुद्ध सिंह छत्री, श्रीमती गनेशिया देवी, श्रीमती प्रेमा भाई खरे, गायत्री चांदने आदि ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका पेश की थी। याचिका में कहा गया कि वे सभी जांजगीर चांपा जिले के विभिन्न विकासखंडो के अंतर्गत आदिवासी विकास विभाग के आश्रमों में सफाई कर्मी, रसोईया के तौर पर दैनिक वेतन भोगी के रूप में काम कर रहे हैं। सभी को जनवरी 2025 से विभिन्न कारण ▶▶|शेष पेज 2 पर



इस बार आने वाली फ्लाइट में जंजीरों से बंधे हुए नहीं होंगे अवैध प्रवासी भारतीय

# अमेरिका से अवैध प्रवासी भारतीयों को लेकर आज अमृतसर आएंगी दो फ्लाइट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी सरकार ने अमेरिका में अवैध रूप गए भारतीयों को जब पहली फ्लाइट से अमृतसर में उतारा था, तो उस दौरान उन लोगों के साथ किए गए रवैए को लेकर यूएस सरकार पर सवाल खड़े हुए थे, लेकिन अब अमेरिका से दो और फ्लाइट्स शनिवार को अमृतसर में उतरने वाली हैं। अमेरिका ने जब अवैध रूप से उनके यहां रहने वाले भारतीयों को वापस भारत लौटाया था, तो मानवीय व्यवहार को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हुए थे और विपक्षी दलों ने सरकार को घेरा था। वहीं, अब अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर दो और फ्लाइट्स अमृतसर में उतरने वाली है। इसमें 119 भारतीयों के लौटने की संभावना जताई गई है।

अभी यह नहीं स्पष्ट हुआ है कि क्या उन लोगों को भारत लाने के लिए एक बार फिर अमेरिकी एयरफोर्स का ही विमान आएगा, या फिर इसको लेकर भारत सरकार की तरफ से कोई व्यवस्था की गई है।

इसमें 119 भारतीयों के लौटने की संभावना जताई गई



पूर्व में यूएस एयरफोर्स से भारतीय प्रवासियों को भेजा गया था

*अभी यह नहीं स्पष्ट हुआ है कि क्या उन लोगों को भारत लाने के लिए एक बार फिर अमेरिकी एयरफोर्स का ही विमान आएगा, या फिर इसको लेकर भारत सरकार की तरफ से कोई व्यवस्था की गई है।*

- दूसरी उड़ान शनिवार रात 10 से 11 बजे के बीच अमृतसर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने की उम्मीद
- मोदी ने ट्रंप से साफ कहा कि भारत अपने सत्यापित नागरिकों को वापस लेने के लिए पूरी तरह तैयार

### *5 फरवरी को अमृतसर में उतरा था यूएस एयरफोर्स का विमान*

5 फरवरी को 104 भारतीयों को लेकर एक सी-17 विमान अमृतसर उतरा, जिसमें अधिकतर यात्री हरियाणा, गुजरात और पंजाब के थे। अब निर्वासित लोगों को लेकर एक भारतीय विमान के उतरने की उम्मीद है, जो पहली उड़ान के यात्रियों की तरह जंजीरों में बंधे हुए नहीं होंगे। शुरुआती उड़ान में यात्रियों के साथ किए गए व्यवहार को लेकर केंद्र सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ा था। पहले निर्वासित लोगों के साथ कथित 'अमानवीय व्यवहार' के कारण संसद में हंगामा मच गया था और विदेश मंत्री ने इस मुद्दे को अमेरिकी सरकार के समक्ष उठाने का वादा किया था।

### दूसरी फ्लाइट में सबसे ज्यादा पंजाब के लोग

अमेरिका से आ रही इस दूसरी फ्लाइट में पंजाब के 67, हरियाणा के 33, गुजरात के आठ, उत्तर प्रदेश के तीन, महाराष्ट्र और राजस्थान के दो-दो तथा गोवा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू -कश्मीर के एक-एक यात्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर चर्चा हुई।

पीएम मोदी ने ट्रंप से कहा

### यह लड़ाई सिर्फ अवैध प्रवासियों के खिलाफ नहीं उनके पीछे काम कर रहे पूरे सिस्टम के खिलाफ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने अमेरिकी दौरे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान पीएम मोदी ने अवैध रूप से रह रहे भारतीयों के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि भारत अपने सत्यापित नागरिकों को वापस लेने के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन साथ ही मानव तस्करी के नेटवर्क को जड़ से खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया। मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से इस दिशा में संयुक्त कार्रवाई करने की अपील की। पीएम मोदी ने स्पष्ट कहा कि जो लोग अवैध रूप से किसी दूसरे देश में रहते हैं, उन्हें वहां रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है।

## ममता का इस्तीफा नामंजूर, किन्नर अखाड़ा में हुई वापसी

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

बॉलीवुड एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी ने किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा दिया था, लेकिन दो दिन बाद ही इन्होंने वापसी कर ली है। उन्होंने ऐलान करते हुए कहा है कि वो साध्वी का जीवन जीना जारी रखेंगी। ममता ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो बता रही हैं कि लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी आचार्य महामंडलेश्वर ने उन्हें समझाया, जिसके बाद ममता ने इस्तीफा वापस लिया है। ममता ने वीडियो में कहा- नमस्ते, मैं ममता, दो दिन पहले मेरे पट्टा गुरु डॉ श्री आचार्य लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के ऊपर कुछ लोगों ने गलत आरोप लगाए हैं। उस भावना में आकर मैंने अपने पद से इस्तीफा दिया, लेकिन उन्होंने वो इस्तीफा नामंजूर कर दिया।

भारत और थाईलैंड के संवाद कार्यक्रम में बोले पीएम

## दोनों में शांति व सद्भाव का रिश्ता 2000 वर्षों से भी है ज्यादा पुराना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत और थाईलैंड के बीच प्राचीन और गहरे सांस्कृतिक संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच यह रिश्ता 2000 वर्षों से भी अधिक पुराना है जो शांति और सद्भाव की एशियाई परंपराओं को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाता है।

पीएम मोदी ने थाईलैंड में आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान वीडियो संदेश के माध्यम से अपनी टिप्पणी दी। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने थाईलैंड में संवाद के संस्करण में शामिल होने पर अपना सम्मान व्यक्त किया और इस आयोजन को संभव बनाने के लिए भारत, जापान और थाईलैंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और व्यक्तियों की सराहना की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि थाईलैंड में 'संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने थाईलैंड की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और विरासत की सराहना करते हुए इसे एशिया की दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपराओं का सुंदर उदाहरण बताया। बता दें, संवाद का यह चौथा संस्करण 14 से 17 फरवरी तक थाईलैंड में आयोजित किया जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी और जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे द्वारा 2015 में शुरू की गई इस प्रमुख पहल का नेतृत्व भारत में विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन (वीआईएफ) कर रहा है, जिसमें जापान फाउंडेशन एक प्रमुख भागीदार है।

पीएम मोदी ने यह भी बताया कि भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और थाईलैंड की 'एक्ट वेस्ट' नीति एक-दूसरे की पूरक हैं, जो दोनों देशों के आपसी विकास और समृद्धि को बढ़ावा देती हैं।

## भ्रामक दावे करने वाले आईआईटी-जेईई कोचिंग संस्थान पर 3 लाख रुपए का 'जुर्माना' ठोका




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईआईटी-जेईई परीक्षा के परिणामों के बारे में भ्रामक दावे करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए 3 लाख रुपए का जुर्माना लगा है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने आईआईटीयन प्रशिक्षण केंद्र प्राइवेट लिमिटेड पर ये कार्रवाई की गई है। यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि किसी भी वस्तु या सेवा के बारे में कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित न किया जाए जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करता हो।

सीसीपीए ने अब तक विभिन्न कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों के लिए 46 नोटिस जारी किए हैं। सीसीपीए ने 24 कोचिंग संस्थानों पर 77 लाख 60 हजार का जुर्माना लगाया है और उन्हें भ्रामक विज्ञापनों का प्रकाशन न करने का निर्देश दिया है।

अमेरिका के ऐलान से नाटो की बढ़ी टेंशन

## ट्रंप बोले- हमारी प्राथमिकता यूरोप की रक्षा करना नहीं, हमें अब अपनी चिंता

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद दुनिया के भी बहुत से समीकरण बदलते दिख रहे हैं। ट्रंप प्रशासन के निर्णय पर अमेरिकी रक्षा मंत्री पेटे हेगसठ ने कहा है कि अमेरिका की प्राथमिकता यूरोप की रक्षा करना नहीं है।

ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप के बयान ने नाटो देशों की चिंता को बढ़ा दिया है। नाटो में यूरोप के ही ज्यादातर वे देश शामिल हैं, जिन्हें अमेरिका का सहयोगी माना जाता है। ट्रंप के मंत्री ने बुधवार को यूक्रेन के 50 समर्थकों से मुलाकात के दौरान साफ किया कि हमारी प्राथमिकता में यूरोप की सुरक्षा करना नहीं है। इसकी बजाय हमारी जरूरत यह है कि हम अमेरिका की सुरक्षा पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपनी ही सीमाओं पर खतरे का सामना कर रहा है। इसलिए हम अपनी सीमाओं की रक्षा करने पर फोकस कर रहे हैं। यही नहीं उन्होंने यूक्रेन को भी साफ संदेश दिया कि अब वह उस पूरी जमीन को वापस नहीं ले सकेगा, जिस पर रूस ने कब्जा कर लिया है।

## बेंगलुरु में द्विवार्षिक आयोजन 'एयरो इंडिया' का समापन

**बेंगलुरु।** 'एयरो इंडिया 2025' के अंतिम दिन शुक्रवार को दर्शकों को हवाई करतबों का बेहतरीन नजारा देखने को मिला। सुबह 10.30 बजे से शुरू हुए शो में रूसी विमान एसयू-57 और अमेरिकी एफ-16, हिंदुस्तान एयरोनॉटिकल लिमिटेड के एलयूएच, एचटीटी-40, एलसीए एमके-1ए और आईजेटी समेत 10 विमानों ने करतब दिखाए। भारतीय वायु सेना के एसयू-30 एमकेआई और प्रसिद्ध सूर्य किरण एरोबैटिक टीम , राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशाला (एनएएल) के हंसा और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के एफटीबी द्वारा संचालित नौ विमान (एचएडब्ल्यूके) भी प्रदर्शन में शामिल थे।

बांग्लादेश ने 8 साल बाद हटाया प्रतिबंध

## नफ नदी से अब मछली पकड़ सकेंगे रोहिंग्याओं की घुसपैठ से भारत चिंतित

एजेंसी ▶▶ ढाका



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने नफ नदी में मछली पकड़ने पर लगे बैन को हटा दिया है। इसे लेकर वहां के मछुआरों ने खुशी जाहिर की है।

यह बैन पूर्ववर्ती शेख हसीना सरकार ने लगाया है, जिसकी वजह ड्रग्स की तस्करी से लेकर रोहिंग्या घुसपैठ को रोकना था, लेकिन अब 8 वर्षों पर यूनुस सरकार ने यह बैन हटा लिया है। बांग्लादेश-म्यांमार सीमा के अंतर्गत आने वाली नफ नदीं पर मछली पकड़ने पर लगे बैन को हटाना अहम इसलिए माना जा रहा है क्योंकि इससे बांग्लादेश के रास्ते भारत में रोहिंग्याओं की घुसपैठ एक बार फिर बढ़ सकती है। कॉक्स बाजार जिला प्रशासन ने उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद यूएनओ को एक पत्र जारी किया। मामले की पुष्टि करते हुए टेकनाफ यूएनओ शेख एहसान उद्दीन ने कहा कि नफ़ नदी में मछली पकड़ने की अनुमति अब सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक है। जानकारी के मुताबिक, शुरुआत में तीन महीने के लिए अनुमति दी गई है।

चुनाव आयोग ने जारी किए आम चुनाव के आंकड़े

## 'नोटा' का बटन दबाने में बिहार राज्य सबसे ऊपर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 2024 के लोकसभा चुनाव में नोटा पर मतदान पिछले दो आम चुनाव के मुकाबले कम हुआ है। वहीं बिहार में सबसे ज्यादा नोटा का बटन दबाया गया है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में 'उपरोक्त में से कोई नहीं' (नोटा) विकल्प को 2013 में इसकी शुरुआत के बाद से बीते लोकसभा चुनाव में सबसे कम मत प्रतिशत हासिल हुआ।

### दूसरे नंबर पर दादरा और नगर हवेली और दमन एवं दीव

'नोटा' के मतों में सबसे अधिक हिस्सेदारी बिहार में 2.07 प्रतिशत दर्ज की गई। इसके बाद दादरा और नगर हवेली और दमन एवं दीव में 2.06 प्रतिशत तथा गुजरात में 1.58 प्रतिशत दर्ज हुई। नगालैंड में हिस्सेदारी 0.21 प्रतिशत दर्ज की गई। ये राज्यों में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा, क्षेत्रीय दलों की प्रमुखता, मतदाता शिक्षा जैसे कारकों से प्रभावित हो सकते हैं।






# बस्तर में एनकाउंटर का भय, 4 जिले के 19 नक्सलियों ने तेलगांना में किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर सभांग के अलग अलग जिलों में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पिछले एक माह के अंतराल में चार दर्जन से अधिक नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया। लगातार मुठभेड़ में मारे जाने के बाद बस्तर में सक्रिय नक्सली अब भयभीत होकर पड़ोसी राज्य तेलगांना में जाकर समर्पण कर रहे हैं। गुरुवार को भी बस्तर संभाग के चार जिले में सक्रिय 19 नक्सलियों ने तेलगांना स्टेट के भद्रादी कोठागुडेम जिले में एसपी रोहित राजू के समक्ष समर्पण कर दिया। समर्पित नक्सलियों पर लाखों रुपए का ईनाम था। समर्पित अधिकांश नक्सली बीजापुर जिले के धूर नक्सल प्रभावित पामेड़ इलाके के है। इसी पामेड़ इलाके में हाल ही में दर्जनों नक्सलियों को सुरक्षाबलों द्वारा मुठभेड़ में मार गिराया गया था। समर्पण के दौरान एसपी रोहित राजू ने पत्रवार्ता में बताया कि प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी संगठन के 19 नक्सली मुख्यधारा में शामिल होने आत्मसमर्पण किया है। एसपी ने बताया कि आदिवासी लोगों के विकास और कल्याण के लिए भद्राद्री कोठागुडेम जिला पुलिस और 81 व 141 बटालियन सीआरपीएफ के बीएन 141 बीएन सीआरपीएफ अधिकारियों द्वारा माओवादियों के गतिविधियों, ऑपरेशन तथा क्षेत्र के विकास के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों से प्रभावित होकर समर्पण किया है। समर्पित सभी नक्सली छग के बस्तर संभाग के अलग अलग जिलों में सक्रिय होकर घटनाओं को अंजाम दिया करते थे।

## बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा व सुकमा के नक्सलियों पर था लाखों के इनाम



### जबरन वसूली व स्थानीय लोगों पर अत्याचार कर नक्सल संगठन ने खोया विश्वास

एसपी ने बताया कि आत्मसर्मण करने वाले नक्सलियों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर अपने परिवार के साथ जिंदगी बसर करना चाहिए। समर्पित माओवादियों ने बताया कि प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी पार्टी ने आदिवासी लोगों के बीच अपनी लोकप्रियता और विश्वास खो दिया है। साथ ही पुराने सिद्धांतों के साथ जबरन वसूली के उद्देश्य से काम कर रही है। विकास में बाधा उत्पन्न करते हुए निर्दोष आदिवासी लोगों को भयभीत करते हुए कह रही है कि अगर क्षेत्र का विकास हुआ तो जीवित नहीं रहोगे।

## खबर संक्षेप

### सस्टेनेबल फार्मिंग टेक्नोलॉजी अवार्ड से नवाजे जाएंगे डॉ. राजाराम

**भोपाल।** देश के ख्याति प्राप्त जैविक कृषि वैज्ञानिक और पर्यावरणविद् डॉ. राजाराम त्रिपाठी को सस्टेनेबल फार्मिंग टेक्नोलॉजी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें कृषि विज्ञान केंद्र आईसीएआर, कृषि विभाग छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश शासन के मार्गदर्शन तथा 'फार्म एंड फूड' राष्ट्रीय कृषि पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में 28 फरवरी को भोपाल में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि 'फार्म एंड फूड' पत्रिका देशभर के किसानों के बीच अत्यंत लोकप्रिय है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

धमतरी। अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय बठेनापारा निवासी बलरामसिंह ध्रुव पिता कुमारसिंह उम्र 38 वर्ष खाद्य विभाग में संविदा पर कम्प्यूटर आपरेटर का कार्य कर रहा था। युवक का 5-6 महीने से दिमागी हालत ठीक नहीं चल रहा था। गुरुवार की रात्रि युवक ने अपने घर में लगे लोहे के हुक में साड़ी का फंदा बना फांसी लगा लिया। घटना की तत्काल जानकारी होने पर परिजनों ने जीवित होने के अंदेशा के तहत फंदे से उतारकर उपचार के लिए मसीही अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है।

दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र की है घटना

# साल भर से फरार हत्या के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हत्या के मामले में साल भर से फरार आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 294, 506, 323 , 32 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि माह जनवरी 2024 में मिलपारा दुर्ग निवासी चंद्रीका बंजारे ने शिकायत किया था कि पड़ोसी मिलपारा डिपारापारा वार्ड 38 निवासी युवराज गुप्ता अपने पत्नी सोनिया के साथ विवाद मारपीट कर रहा था। इस दौरान पत्नी सोनिया गुप्ता डर से पीड़िता के घर पर छिप गई थी। जिसे युवराज गुप्ता खोजते हुए उनके घर पहुंचा। उसके पत्नी के बारे में पूछताछ करने लगा जिसे लेकर पीड़िता ने जानकारी होने से इंकार कर दिया। इसी बात को लेकर युवराज गुप्ता गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। हाथ मुक्का और लकडी के बने



खटिया के खुरा से मारपीट करने लगा। बीच बचाव करने ससुर बाबूलाल बंजारे आए थे। उनके साथ भी युराज मारपीट करने से उनके सिर, शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई थी। उपचार के लिए बाबूलाल बंजारे को अस्पताल में दाखिल कराया गया। उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। तब से आरोपी मौके से फरार था । दुर्ग कोतवाली थाना प्रभारी विजय यादव की टीम ने मुखबिर की सूचना पर युवक को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवराज गुप्ता को पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

# ट्रक में भरकर महाराष्ट्र ले जा रहे थे मवेशी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

ट्रक में ठूंस-ठूंस कर भरकर मवेशियों को अवैध रूप से महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा और 30 मवेशी बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक सफेद-लाल रंग ट्रक में मवेशियों को भरकर खैरागढ़ की ओर से नागपुर महाराष्ट्र की ओर कत्लखाना ले जा रहा है, जिस पर चिखली पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर ग्राम गठुला में नाकाबंदी किया गया। मौके पर अलग-अलग रंगों का गाय एवं बैल कुल 30 नग कीमती 300000 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त ट्रक को जब्त किया गया तथा मवेशियों को सुरक्षार्थ रेवाडीह स्थित कॉजी हाऊस में रखा गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 281, 324(4), 3(5) बीएनएस, 4, 6, 10 छग पशु परिरक्षण अधि. 2004, 11 पशु के प्रतिक्रूरता अधिनियम 1960 के तहत विधिवत कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। माननीय न्यायालय आदेशानुसार जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्रवाई में थाना लालबाग प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस ईशु अग्रवाल,



सायबर सेल प्रभारी विनय पम्मार, चौकी प्रभारी निरीक्षक संजय बरेठ, सहायक उपनिरीक्षक शत्रुहन टंडन, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, आरक्षक सिन्धु सिन्हा, मिर्जा असलम बेग, सुनील बैरागी, मनोज जैन एवं सायबर सेल सहायक उपनिरीक्षक सुमन कर्ष, प्रधान आरक्षक बसंत, आरक्षक जोगेश राठौर, मनोज खुंटे, अविनाश झा, हरिश ठाकुर, प्रख्यात जैन, परिवेश वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान एवं सराहनीय भूमिका रहा है।

मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर खैरागढ़ की ओर से आ रही ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया, जो वाहन चालक द्वारा वाहन को न रोककर रोड़ किनारे स्थित मकान में घुसा दिया। जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया। ड्राईवर व ट्रक में बैठे दो आरोपी कूदकर भागने लगे, जिसे दौड़ाकर दो आरोपी को पकड़े तथा वाहन चालक आरोपी भाग गया।

आमने-सामने टक्कर

# प्रयागराज से आंध्र लौटते ट्रैवलर व स्कार्पियों में भिड़ंत, 1 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में तारसगांव के पास प्रयागराज से कुंभ मेला से लौट रहें आंध प्रदेश के निवासी ट्रैवलर से जा रहे थे, सामने से आ रही स्कार्पियों से भिडंत हो गई, इसमें स्कार्पियों में चालक के बाजू में बैठे व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गई व हीं ट्रैवलर में सवार लोगों को मामूली चोट आई है, जिनको ईलाज करवाने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में भर्ती कराया गया। प्राथमिक ईलाज के उपरांत सभी दूसरे वाहन की मदद से आंध्र प्रदेश चले गए। घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

थाना चारामा में शिकायत करने पहुंचे आंध्रप्रदेश के समभूथीय थानांतर्गत काकीनाडा निवासी 40 वर्षीय कृष्ण चैतन्य पिता राधा कृष्ण ने पुलिस को बताया कि महाकुंभ मेला अपने परिवार के साथ ट्रैवलर से गया था। प्रयागराज उत्तर प्रदेश से आंध्रप्रदेश अपने परिवार के साथ 8 फरवरी को घर वापिस जा रहे थे। रायपुर से जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से होते हुए आंध्रप्रदेश जाने के लिए निकले थे, तभी 14 फरवरी की सुबह 4 बजें राष्ट्रीय राजमार्ग 30 तारसगांव कटिंग के पास पहुंचे थे। जगदलपुर की ओर से आ रही आरोपी स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 7516 से चालक सुकमा जिला के थाना छिंदगढ़ निवासी 28 वर्षीय जगत पोडियामी पिता जोगाराम पोडियामी ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए हमारी ट्रैवलर बस क्रमांक एपी 39 टीवाय 4689 को ठोकर मारकर दुर्घटनाग्रस्त कर दिया।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइलः - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

**आवश्यकता है-** सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888. (RO-2476)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** रेडीमेड कपडा दुकान में सेल्समैन सेल्सगर्ल कंप्यूटर ऑपरेटर टेलर की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क 9691058222, 7489942227. (RO-6224)

### ड्रायवर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** रायुपर तेलीबांधा के पास आटोमैटिक कार चलाने के लिए अनुभवी घरेलु ड्राइवर की आवश्यकता है 11 घण्टे ट्यूटी संपर्क करें- 9754160228. (RO-7205)

**आवश्यकता है-** बोलेरो पिकअप के लिए ड्राइवर 4, हेल्पर 3, Logistic (Transport) मे गाड़ी चलाने और पार्सल बांटने के लिए आवश्यकता है अनुभवी ही सम्पर्क करे मोबाइल नंबर :- 7772016666. (RO-3294)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### सिविल इंजीनियर

**आवश्यकता है-** सिविल इंजीनियर, साइट सुपरवाइजर, चौकीदार की आवश्यकता है। पता - जगदम्बा कंस्ट्रक्शन कबीर नगर रायुपर मों.- 8815464571. (RO-6222)

### जॉब कंसलटेन्सी

**आवश्यकता है-** कैरियर जॉब कंसलटेन्सी में पर्सनल सेकेटरी, टैली कॉलर, प्लांट सुपरवाइजर रिसेप्शनिस्ट, बिलिग एक्जीक्यूटिव, नर्सिंग, कस्टमर रिलेसन्स, सिक्युरिटी ऑफिसर, कंप्यूटर ऑपरेटर, बिलिग इंचार्ज, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर, सेल्स ट्रेनर, स्टोर इंचार्ज साइड सुपरवाइजर, पी आर टी इंग्लिश हिन्दी एन्ड के जी मदर टीचर संपर्कः- ऑफिस रायपुर घड़ी चौक 7879706968, 7389669576, 9131685985, 6265983246. (RO-932)

### लैब असिस्टेंट

**आवश्यकता है-** शर्मा पैथोलॉजी लैब में लैब असिस्टेंड लड़को की शीघ्र आवश्यकता है। योग्यता 12वीं पास। पताः- शर्मा पैथालॉजी लैब प्रथम तल प्रिंयका कॉम्पेलेक्स दुर्ग (छ.ग.) मो.-94060-90948 (आरो न.-680)

### असिस्टेंट/कैप्टन

**आवश्यकता है-** होटल में कार्य करने हेतु ऑफिस असिस्टेंट कैप्टन एवं हाउस कीपिंग स्टाफ (महिला/ पुरुष) की आवश्यकता है, मैग्नेटो मॉल के पास। संपर्क- 9425506411, 9425236989. (RO-498)

### ऑफिस बॉय

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। संपर्क- 8898306907. (आरो न.-682)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### एजेंसी/ड्रायवर कार्य

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेंसी में कार्य हेतु फ्रेशर युवतियों एवं युवकों एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। संपर्क करें - यूनिकेयर मेडिकल एजेंसी कचहरी रोड दुर्ग- 74152-60003. (आरो न.-1511)

### डिलीवरी/पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** थोक दवा दुकान में डिलीवरी एवं पैकिंग कार्य हेतु मेल स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार, अनुभवी को प्राथमिकता न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10th संपर्क करें संजय मेडिकल स्टोर 4, मेडिकल कॉम्पलेक्स रायपुर मोबाइल 9425287088. (RO-6219)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** फील परमार्थम आश्रम,सेक्टर 3, भिलाई में तत्काल आवश्यकताः 1.पुरुष एवं महिला केयरटेकरः दायित्वःभोजन परोसना, नहलाना, डाइपर बदलना, A शिफ्ट सुबह11 से रात 9, B शिफ्ट रात 9 से सुबह7, 2.रसोईया समयः 7:30am - 1Pm, 4pm -8pm संपर्कः 7000487419 (आरो न.-677)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस स्टॉफ हेतु लड़के / लड़कियो की आवश्यकता है। पता हेतु बायोडाटा वॉट्सऐप करें- 7390843179 जरुरतमंद ही संपर्क करें:-दुर्ग (आरो न.-679)

**शीघ्र आवश्यकता है -** जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए। वेतन 10000- कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें-, 8085888353, 8962000161. (RO-303)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर पता खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टैक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें- 9343467254, 7470490884. (RO-6220)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 10000/- से 15000/- ऑफिस पता संतोषी नगर के आगे डुण्डा दुर्गा मंदिर के पास मों. नंबर 9329176284, 9343688254. (RO-6218)

**आवश्यकता है-** रायपुर में कार्य करने हेतु आठवीं/दसवीं तक पढ़े लड़कों की आवश्यकता है। कार्य समय 11:00 से 8:00 बजे तक इच्छुक (मोबाइल नंबर) सहित संपर्क करें शिल्पा सेल्स ए-10 आरडीए कॉम्पलेक्स शारदा चौक रायपुर (RO-7204)

**आवश्यकता है-** आगरा में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र संपर्क करें- 8937847856, 6395268809. (RO-301)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** फर्नीचर एवं इलेक्ट्रानिक्स दुकान में कार्य करने हेतु लड़के लड़कियो व कम्प्यूटर आपरेटर कीः शीघ्र संपर्क करें अरुण कुमार एण्ड संस उतई पाटन रोड, महिमा अस्पताल के सामने उतई (आरो न.-681)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** दवा दुकान में कार्य करने हेतु सेल्समैन/सेल्सगर्ल की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता संपर्क करें :- नाहर मेडिकल स्टोर्स शॉप नंबर-39 सिविक सेंटर भिलाई (आरो न.-683)

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबरः- 9329103178. (RO-3290)

### मुनीम

**आवश्यकता है-** रायपुर, दोनदेकला स्थित दाल मिल में एक मुनीम की आवश्यकता है, जिसको कंप्यूटर की जानकारी हो, संपर्क करें ,9425205358, 9424214111. (RO-33)

### कुक/घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** घर में रहकर खाना+ नाश्ता बनाने वाले एक कुशल लड़के की आवश्यकता है। साथ में घर का अन्य कार्य करने में भी सक्षम हो। वेतन 25000+ रहना, खाना फ्री। संपर्क- क्लासिक स्पार्कलर्स, जय गोपाल सोसायटी, बीएसएनएल ऑफिस के सामने, फाफाडीह चौक रायपुर, मो.- 9329101145. (RO-05)

### इलेक्ट्रीशियन

**आवश्यकता है-** Assistant project head Qualification- B.E. Electrical, B.E. Computer Science माना बिजली ऑफिस, सेज बहार बिजली ऑफिस, समोदा बिजली ऑफिस, लामा शिवनी बिजली ऑफिस इन सभी क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। योग्यता- 10वीं 12वीं (ITI, non ITI) मोबाइल नंबर - 7828997228, 9644176000. (RO-6221)




### रिसेप्शनिस्ट/ऑफिस बॉय

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य करने हेतु रिसेप्शनिस्ट लड़की एवं साफ- सफाई हेतु ऑफिस बॉय की आवश्यकता है। संपर्क करें- ए.के. एडवरटाइजर्स ,चिमन प्लाजा, तात्यापारा, रायपुर मोबाइल - 9977960005. (RO-7489)

### अकाउन्ट कर्मी

**आवश्यकता है-** ऑडिट/ अकाउंट क्लर्क -2 पद हेतु ग्रेजुएट युवकों की आवश्यकता है, जिनको MS Excel की जानकारी हो। बायोडाटा सहित मिलेः ABY & Associates चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ₹कलश₹ शिव मंदिर रोड, निरंकारी फर्नीचर के बाजू पंडरी, रायपुर. 9300292831. (RO-613)

### प्यून/चपरासी

**आवश्यकता है-** गोडाऊन में कार्य हेतु लेबर (पीयून/चपरासी) की । सोना ट्रेडिंग कंपनी, सांता स्वीट्स के पास, भनपुरी बाजार चौक, भनपुरी, रायपुर । संपर्क - 6266694683 (समय - 10 से 6) (RO-934)

### अन्य

**आवश्यकता है-** पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898. (RO-3275)

**आवश्यकता है-** Hindustan पेन्सिल पेन के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी करके 85000 - 95000 कमाने की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में उपलब्ध. आपको नौकरी चाहिए तो कॉल करे. WhatsApp 6397479854. (RO-14159)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 8918984004. (RO-3262)

## Property प्रापर्टी

### मकान

**मकान बेचना है-** कुआं चौक पचरीपारा दुर्ग स्थित पश्चिममुखी मकान (पुराना साबुन कारखाना) जमीन साइज 28×40= 1286 वर्गफीट (फ्रंट 28feet) मकान बेचना है संपर्क:- 7898365010. (आरो न.-1513)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**मकान बेचना है-** न्यू चंगोरा भाटा मे मकान बेचना है प्लाट एरिया 450 sq.f.t. का हैं और कंट्रक्शन 900 sq.f.t. का है ऊपर नीचे मिला के हैं। मो. 9752444511. (RO-6223)

**भूमि बेचना है-** अंजोरा से 6 कि. मी., ग्राम भरदा पिकनिक स्पॉट से मात्र 3 कि.मी. ग्राम बिरेझर में फॉर्म हाऊस के लिए प्लॉट उपलब्ध है। सम्पर्क :- 99814 23470. (आरो 670)

## For Rent किराया

**मकान किराए से चाहिए-** रेल्वे स्टेशन के आसपास गुढ़ियारी, कोटा, रामनगर, श्रीनगर, फाफाडीह, समता, चौबे मकान किराये से चाहिए ऑफिस और घर के लिए फीमेल स्टॉफ चाहिए 5000/- से 10000/- तक मारवाड़ी मैरिज ब्यूरो गुढ़ियारी रायपुर 9039321951. (RO-3293)

**किराये से चाहिए -** बिरगांव /उरला क्षेत्र में स्कूल संचालन हेतु लगभग 4000 वर्गफीट किराए पर भवन चाहिए जिसमें 5 कमरे, शौचालय एवं खेल गतिविधियों हेतु खुले स्थान की व्यवस्था हो संपर्क करें:- 9770097780, 8319536251. (RO-3288)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्कः- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 9111760925, 7477221345, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-3194)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क डॉ. अहमद
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
दिन- सोमवार, मंगलवार बुधवार, 10 से 5 बजे तक रविवार, 10 से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

### चिकित्सा मे अचूक प्रामाणिक प्रयोग

यदि आप सभी उपाय एवं ईलाज कराकर थक गये हो। ना ही दवा को आप छोड़ पाते है ना ही दवा आपको छोड़ता हो बीमारी बार-बार होता हो तो रस रसायन एकमात्र उपाय है। ये सदा के लिए रोग से मुक्ति दिलाकर नवजीवन प्रदान करता है। क्योंकि यह वीर्य के निर्माण के साथ इम्यून सिस्टम में काम करता है जो अचूक है। यह रोग ही नही कारण को दूर करता है।

रस-रसायन अर्थात आयुर्वेद के रस भस्म थोड़ा महंगा परंतु सटिक प्रमाणिक चिकित्सा है। जो रोगी के शरीर मे जाने पर चूक नहीं सकता परंतु बात पित्त कफ से सबंधित रोग का निर्णय दवा का गुण एवं सटिक मात्रा की जानकारी होना आवश्यक है।

(1) समस्त प्रकार के लाईलाज चमड़ी रोग सोरायसिस, जोड़ो में दर्द, ऊंगलियों का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना।
(2) समस्त प्रकार के वायरस-जन्य रोग हेपाटाइटिस (ABC) हर्पिस रोग (स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने-फूंसी, छाले चमड़ी का फटना, लाल होना, रुबेला) जीवाणु जन्य रोग, सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक)
(3) समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग। नोट : पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग(इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आजतक कोई भी उपाय नहीं हैं। सावधान !

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल
फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)



# वैलेंटाइन डे पर नीतू कपूर ने 6 लोगों पर बरसाया प्यार

**मुंबई।** एक्ट्रेस नीतू कपूर ने वैलेंटाइन डे के खास मौके पर अपने परिवार के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में उनके साथ बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी, दामाद भरत साहनी, नातिन समारा, बेटे रणबीर कपूर, बहू आलिया भट्ट और सबसे छोटी सदस्य राहा कपूर भी नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ नीतू कपूर ने लिखा 'हैप्पी वेलेंटाइन डे'। गौरतलब है कि नीतू कपूर अक्सर अपने दिवंगत पति ऋषि कपूर की याद में तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। पिछले साल उन्होंने एक फैन द्वारा एडिट की गई तस्वीर शेयर की थी जिसमें ऋषि कपूर अपनी पोती राहा के साथ थे।



लाइफ Style

# मावरा होकेन

## पाकिस्तान से बॉलीवुड तक का सफर

एजेंसी ⏭ मुंबई

'सनम तेरी कसम' 7 फरवरी को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म पहली बार 5 फरवरी 2016 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में पाकिस्तानी एक्ट्रेस मावरा होकेन ने अहम किरदार निभाया है। मावरा होकेने 28 सितंबर 1992 में पाकिस्तान में पैदा हुई थीं।

मावरा ने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से कानून में डिग्री हासिल की। वह पाकिस्तान की एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में भी फिल्म की है। मावरा होकेन ने 'खिचड़ी सालसा' टीवी सीरियल से अभिनय की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने 'आहिस्ता-आहिस्ता', 'निखर गए गुलाब सारे' जैसे टीवी सीरियल में काम किया। मावरा ने साल 2016 में बॉलीवुड की फिल्म 'सनम तेरी कसम' से बॉलीवुड में कदम रखा। मावरा ने साल 2018 में पाकिस्तानी फिल्म इंडस्ट्री में 'जवानी फिर नहीं आनी' से शुरुआत की।


मावरा होकेन ने साल 2023 में 'नीम' सीरियल में काम किया है। इस सीरियल में उन्होंने इतना अच्छा काम किया कि उन्हें पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए 'नौवां हम अवॉर्ड' दिया गया। 'सामी' सीरियल में काम करने के लिए मावरा को 'छठा हम अवार्ड' में नॉमिनेट किया गया। 'सबात' में काम करने के लिए उनका नामांकन '20 लक्स स्टाइल अवॉर्ड' में हुआ। मावरा होकेन साल 2020 में 'सबात' के सेट पर पाकिस्तानी एक्टर अमीर गिलानी से मिलीं। इसके बाद 5 फरवरी 2025 को होकेन की मुस्लिम परंपरा के मुताबिक लाहौर में शादी हो गई। मावरा का बचपन का नाम मावरा हुसैन था, लेकिन उन्होंने अपने नाम को सबसे अलग करने के लिए मावरा होकेन कर दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# बाफ्टा प्रेजेंटर्स की लिस्ट आई सामने

**लॉस एंजिल्स।** बाफ्टा फिल्म अवॉर्ड 2025 की प्रेजेंटर्स की लिस्ट जारी की गई है। इस साल दर्शकों को सेलिना गोमेज, जोई सल्डाना, जेसी ईसेनबर्ग, जो एल्विन, इसाबेला रोसेलिनी, कोलमैन डोमिंगो और राल्फ फिएनेस जैसे हॉलीवुड सेलिब्रिटीज बाफ्टा अवॉर्ड जीतने वालों को ट्रॉफी देते हुए नजर आएंगे। कई और सेलिब्रिटीज भी हैं जो बाफ्टा अवॉर्ड विनर को ट्रॉफी देंगे। इसमें एडम पियर्सन, एडम स्कॉट, एन्ना केंड्रिक, कैमिला कैबेलो, सेलिया इमरी, चिवेटेल एजियोफोर, हन्ना जॉन-कामेन, जेम्स मैकएवॉय, जेम्स नॉर्टन जैसे लोगों के नाम शामिल हैं।



# हद से ज्यादा डरावना है 'अनटिल डॉन' का दूसरा ट्रेलर

**लॉस एंजिल्स।** सोनी पिक्चर्स ने अपनी आगामी हॉरर फिल्म 'अनटिल डॉन' का दूसरा ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसके साथ ही फिल्म के खौफनाक पोस्टर्स भी निर्माताओं ने जारी किए हैं। ट्रेलर देखने के बाद फैंस की उम्मीदें इस फिल्म से काफी ज्यादा बढ़ चुकी हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक डेविड एफ सैंडबर्ग ने किया है। यह प्लेस्टेशन स्टूडियो के मशहूर गेम पर आधारित फिल्म है। फिल्म में देखने को मिलेगा कि जब क्लोवर (एला रूबिन) और उसके दोस्त अपनी गायब बहन को ढूंढने के लिए एक सुनसान घाटी में जाते हैं तो वे एक ऐसे डरावने मंजर में फंस जाते हैं, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। फिल्म में एला रुबिन, माइकल सिमिनो, ओडेसा एज़ियन, जी-यंग यू, बेलमोंट कैमेली, मैया मिशेल और पीटर स्टॉर्मेयर जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं।



# 'आखिरी सोमवार' में आएंगी नजर

**मुंबई।** अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने वैलेंटाइन डे के खास मौके पर फैंस को प्यार भरा तोहफा दिया है। उन्होंने घोषणा की है कि वे खुद अपनी ही लिखी लव स्टोरी में अभिनय करने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के दौरान उन्होंने खुद ये प्रेम कहानी भी लिखी। फिल्म का नाम फिलहाल 'आखिरी सोमवार' रखा गया है। ऋचा चड्ढा ने बताया कि दूसरे लॉकडाउन के दौरान वे सिर्फ निर्माता बनकर खुश नहीं थीं। उन्होंने इस दौरान एक कहानी भी लिखी। इसी कहानी पर अब वे खुद अभिनय करने को भी तैयार हैं। फिल्म को लेकर अभिनेत्री बेहद उत्साहित हैं। फिल्म की कहानी एक टीवी रियलिटी शो के निर्माता के बारे में है। इस निर्माता को जब ऑफिस में कोई 'चाइल्डिस कैट लेडी' कह देता है तो वह उससे शादी करने की ठान लेती है।



# छावा : एक्शन में हैं कई खामियां

**नई दिल्ली।** फिल्म छावा वेलेंटाइन डे के मौके पर यानी 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। डायरेक्टर लक्ष्मण उटेकर के निर्देशन में बनीं छावा दर्शकों को मराठा राजा छत्रपति संभाजी महाराज के गहन और मनोरंजक जीवन से रू-ब-रू कराती है। 'छावा' में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में नजर आ रहे हैं। छावा में संभाजी महाराज की वीरता को प्रणाम है। लेकिन यह कई ऐसी खामियां समेटे हैं जो इमोशनल कनेक्ट बनाने की राह में रोड़ा अटकाती हैं। इसका अंत लंबा कर दिया गया है, जिस तरह का दर्द और बलिदान दिखना चाहिए था, मिसिंग है। एक्शन में कई खामियां है। एक जगह साफ दिख जाता है कि तलवार गर्दन में नहीं घुसी, बल्कि गले के दूसरी साइड है। फिर वहीं एक सीन में तो मरने वाला योद्धा गर्दन टेढ़ी कर तलवार को थामे है।

## टीवी मसाला

# 'दोस्तों से स्कूटर मांगकर लेडीज कॉलेज के लगाते थे चक्कर'



**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 16 में अमिताभ बच्चन के किस्से दर्शकों को काफी रोचक लगते हैं। रीसेंट एपिसोड में उन्होंने बताया कि कैसे दोस्तों का टूटा स्कूटर मांगकर वह लेडीज कॉलेज के चक्कर लगाने जाते थे। उन्होंने स्कूटर की जो स्थिति बताई उसे सुनकर दर्शकों ने ठहाके लगाए। बिग बी बोले आज के बच्चे स्टार्ट अप करते हैं, लेकिन वह स्कूटर स्टार्ट करते थे। अमिताभ बच्चन ने बताया के वह दोस्तों से स्कूटर मांगकर लेडीज कॉलेज के चक्कर लगाते थे। वह बताते हैं, 'जिस उम्र पर यंग लोग आज स्टार्ट-अप लॉन्च कर रहे हैं, मैं भी स्टार्ट-अप में बिजी था...स्कूटर में किक मारने की स्टार्टअप। 'अमिताभ बच्चन ने बताया कि उनके पास स्कूटर नहीं था। वह दोस्तों से मांगते थे। वह बताते हैं, 'स्कूटर मिल जाता था पर टूटा-फूटा था। 10-12 किक मारने के बाद चल जाता था। एक्सीलेरेटर खराब होता था, उसमें स्टार्ट-अप किया। वायर दबा दिया, किक मारता था, मुंह से उसको खींचा और चल दिए।' अमिताभ बच्चन ने बताया कि स्कूटर वाली ये ट्रिक उन्होंने रोटी, कपड़ा और मकान फिल्म में भी अपनाई थी। बिग बी पहले भी अपने स्कूल के दिनों को याद कर चुके हैं। केबीसी 14 के एपिसोड में उन्होंने बताया था कि जब वह नैनीताल में थे तो बाउंड्री वॉल फांदकर भाग जाते थे। पास में गर्ल्स स्कूल था तो वहां लड़कियां देखने को मिलती थीं।

## 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आएंगे कई ट्विस्ट, अरमान को मिलेगी उसकी असली मां

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में 3 ट्विस्ट आने वाले हैं। इन ट्विस्ट की वजह से अरमान, अभिरा, विद्या, चारू, कियारा और अभीर की



जिंदगी हमेशा-हमेशा के लिए बदल जाएगी। गोयनका और पोद्दार हाउस में तमाशे होंगे। एक के बाद एक कई सारे सच सबके सामने आएंगे। अरमान आखिरी बार अपनी और अभिरा की शादी बचाने की कोशिश करेगा। वह अभिरा को अपनी फेवरेट जगह बुलाएगा। जब अरमान वहां पहुंचेगा तब वह देखेगा कि आरके, अभिरा को प्रपोज कर रहा है। अरमान का दिल टूट जाएगा और वह वहां से चला जाएगा। संजय की वजह से चारू मंडप तक नहीं पहुंचेगी। परिवार के एक सदस्य को चारू कि चिट्ठी मिलेगी जिसमें लिखा होगा कि वो ये शादी नहीं करना चाहती है। जब अभीर को ये बात पता चलेगी तब वह भड़क जाएगा और जाकर कियारा से शादी कर लेगा। चारू जैसे-तैसे गोयनका हाउस पहुंचेगी और देखेगी कि अभीर और कियारा की शादी हो गई है।

# 'किस्मत' थी एक करोड़ कमाने वाली पहली फिल्म



**नई दिल्ली।** इंडियन सिनेमा शुरुआत से ही बॉक्स ऑफिस पर मोटी कमाई करता रहा है। अपने 100 साल से भी ज्यादा पूरे कर चुका इंडियन सिनेमा तमिल, तेलुगू और कई साउथ फिल्म इंडस्ट्री से भी जाना जाता है। वैसे आज के समय में साउथ सिनेमा ही इंडियन सिनेमा की पहचान बन चुका है। इंडियन सिनेमा में सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्मों में साउथ सिनेमा की फिल्मों की लिस्ट लंबी है, लेकिन आज हम बात करेंगे उस हिंदी फिल्म की, जिसने बॉक्स ऑफिस पर सबसे पहले 1 करोड़ रुपए कमाए थे। यह फिल्म हिंदी सिनेमा की ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई थी और इसकी कमाई का यह रिकॉर्ड 10 सालों तक बरकरार रहा था। यह फिल्म शोले, मुगल ए आजम, डिस्को डांसर और क्रांति में से कोई भी नहीं है। इस फिल्म ने उस समय में आज की बिगेस्ट ब्लॉकबस्टर फिल्में 3 इडियट्स, पुष्पा 2 और दंगल से भी ज्यादा टिकट सेल की थीं।

### 75 साल पहले रिलीज हुई थी फिल्म

दरअसल हम बात कर रहे हैं 75 साल पुरानी फिल्म किस्मत (1943) की, जिसे ज्ञान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में अशोक कुमार, मुमताज शांति और शाह नवाज ने लीड रोल प्ले किया था। यह फिल्म 9 जनवरी 1943 को रिलीज हुई थी और यह उस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी। महज 2 लाख रुपए के बजट में बनी फिल्म ने 1.6 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म का टैग अपने नाम कर लिया था। किस्मत एक बोल्ड थीम पर बेस्ड एंटी-हीरो की फिल्म थी, जिसमें एक अविवाहित महिला प्रेग्नेंट हो जाती है।

### पुष्पा 2, दंगल और 3 इडियट्स से कैसे आगे?

बता दें, किस्मत को देखने के लिए 3.5 करोड़ दर्शक थिएटर में जुटे थे। कथित तौर पर कहा जा सकता है कि फिल्म उस समय की सुपरहिट फिल्म है। जबकि पुष्पा 2 का फुटफॉल (2 करोड़), 3 इडियट्स (3.2 करोड़), धूम 3 (3.4 करोड़) और गजनी का (2.4 करोड़) फुटफॉल था। किस्मत ने 75 साल पहले एक ही थिएटर से 12 लाख रुपए का कलेक्शन किया था। यह फिल्म 184 हफ्तों तक थिएटर में चली थी। ऐसे में किस्मत भारत की पहली ऐसी फिल्म का खिताब अपने नाम कर चुकी है, जिसने 1 करोड़ रुपए सबसे पहले कमाए थे।

# 'द डिप्लोमैट' का ट्रेलर जारी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम और सादिया खातीब अभिनीत फिल्म 'द डिप्लोमैट' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया। दिवंगत सुषमा स्वराज की जयंती पर रिलीज किया गया यह ट्रेलर 2017 में उनके द्वारा भारत की बेटी को वापस लाने में भारतीय राजनयिक जेपी सिंह का समर्थन करने के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों को श्रद्धांजलि देता है। यह फिल्म 7 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

यह राजनीतिक थ्रिलर फिल्म इस बात के बारे में बताती है कि युद्ध के बजाय चतुराई और बातचीत नायक के अंतिम हथियार हैं। जॉन अब्राहम वास्तविक जीवन के भारतीय राजनयिक जेपी सिंह की भूमिका में हैं, जो भारत की बेटी को कैद से छुड़ाने के लिए एक उच्च-दांव मिशन पर निकलते हैं। शिवम नायर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जॉन अब्राहम ने रणनीति, बुद्धिमत्ता और बातचीत पर आधारित एक ऐसा किरदार निभाया है, जिसे उन्होंने बड़े पर्दे पर पहले कभी नहीं निभाया है। द डिप्लोमैट की कहानी, पटकथा और संवाद रितेश शाह ने लिखे हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी डिमो पोपोव और एमएससी ग्यड ने की है, जबकि संपादन कुणाल वाल्वे ने किया है। रवि श्रीवास्तव प्रोडक्शन डिजाइन की देखरेख की है। डैनियल बी जॉर्ज ने



फिल्म के लिए मूल संगीत तैयार किया है, जबकि ध्वनि डिजाइन मोहनदास वीपी द्वारा किया गया है। फिल्म का मूल संगीत ए.आर. रहमान ने दिया है और गीत मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। कलाकारों में रेवती, कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी भी शामिल हैं। यह फिल्म 7 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# फिल्मों के सेट पर लिखी गईं इन सितारों के प्यार की दास्तां

**नई दिल्ली।** प्यार का सप्ताह प्रेमियों के लिए इश्क की सौगात लेकर आता है। दुनिया भर में न जाने कितने ही जोड़े इस सप्ताह में अपने प्यार का इजहार करते हैं। कुछ लोग वैलेंटाइन सप्ताह में शादियां भी करते हैं। ऐसे में प्यार और इजहार के इस मौसम में आइए आज आपको बॉलीवुड के उन सितारों की प्रेम कहानियों से रूबरू करवाते हैं, जिनके प्यार की कहानी की शुरुआत उनके फिल्म के सेट से हुई थी। हालांकि, कुछ सितारों ने शादी की, तो वहीं कुछ सितारों की प्यार की दास्तां बिना मंजिल के बीच में ही अटक गई।

## कुछ को मिली मंजिल तो कुछ हुए जुदा



### आलिया भट्ट और रणबीर कपूर

इस लिस्ट में पहला नाम बॉलीवुड के मशहूर कपल आलिया भट्ट और रणबीर कपूर का है। उनकी प्रेम कहानी की शुरुआत फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के सेट हुई थी। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान रणबीर ने आलिया को प्रपोज भी किया था। आलिया ने खुद इस बात का खुलासा 'कॉफी विद करण' में किया था। कई साल तक डेट करने के बाद 2022 में दोनों सितारे शादी के बंधन में बंध गए।

### कियारा आडवाणी-सिद्धार्थ मल्होत्रा



ऐसा माना जाता है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने फिल्म 'शेरशाह' पर एक साथ काम करना शुरू करने के तुरंत बाद डेटिंग शुरू कर दी थी। हालांकि, कियारा ने 'कॉफी विद करण' के सातवें सीजन में सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते के बारे में संकेत दिए। अभिनेत्री ने कहा था कि वे दोनों करीबी दोस्त से कहीं अधिक हैं। इसके बाद फरवरी 2023 में इस जोड़ी ने शादी कर अपने प्रशंसकों को तोहफा दिया।

### अजय देवगन और काजोल




बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री काजोल की प्रेम कहानी भी काफी दिलचस्प है। फिल्म 'हलचल' के सेट पर वे और अजय देवगन एक- दूसरे को दिल दे बैठे थे। कई साल तक एक -दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने शादी कर ली। आज वे एक खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं।

### करीना कपूर और शाहिद कपूर



शाहिद कपूर और करीना कपूर का रिश्ता बॉलीवुड के सबसे चर्चित और प्यारे रिश्तों में से एक था। दोनों की मुलाकात 2004 में फिल्म 'फिदा' के सेट पर हुई और दोनों के बीच प्यार हो गया। उनका रिश्ता लगभग पांच साल तक चला, लेकिन 2007 में फिल्म 'जब वी मेट' की रिलीज के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया। से में शाहिद और करीना की प्रेम कहानी भी शादी के मुकाम तक नहीं पहुंच सकी।



### दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की पहली मुलाकात फिल्म 'बॉम्बे टॉकीज' के सेट पर हुई थी। हालांकि, दोनों के बीच प्यार की शुरुआत संजय लीला भंसाली की साल 2013 की फिल्म 'गोलियों की रासलीला रामलीला' के दौरान हुई। इसके बाद जोड़ी ने 'पद्मावत' और 'बाजीराव मस्तानी' जैसी फिल्मों में अभिनय किया। रणवीर और दीपिका ने अपने रिश्ते को छिपाकर रखा और 2018 में लेक कोमो में शादी कर ली।

### सैफ अली खान और करीना कपूर



सैफ अली खान और करीना कपूर ने भले ही साल 2003 की 'एलओसीः कारगिल' और 2006 की 'ओमकारा' में स्क्रीन स्पेस साझा किया हो, लेकिन दोनों के बीच प्यार की शुरुआत फिल्म 'टशन' के सेट पर हुई। दोनों की कहानी शाही रोमांस निकली। उन्होंने 2008 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया। इसके बाद अक्टूबर 2012 में शादी कर ली। कपल के दो बेटे तैमूर और जेह अली खान हैं।




### सलमान खान-ऐश्वर्या राय

सलमान खान और ऐश्वर्या राय की प्रेम कहानी बॉलीवुड के सबसे चर्चित और विवादित प्रेम कहानियों में से एक है। दोनों की मुलाकात 1999 में फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' के सेट पर हुई, जहां से दोनों की प्यार की शुरुआत हुई। हालांकि, कुछ समय बाद दोनों के रिश्ते में खटास आ गई और जल्द ही दोनों की राहें अलग हो गईं।

## खबर संक्षेप

### ईजमाईट्रिप का शुद्ध लाभ घटकर 34 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा बुकिंग मंच ईजमाईट्रिप का चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ घटकर 34 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 45.68 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### रुपया 12 पैसे चढ़कर 86.81 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में तेजी जारी रही और यह शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 12 पैसे बढ़कर 86.81 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। हालांकि, विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की सतत बिकवाली ने रुपये की तेज बढ़त पर अंकुश लगाया।

### एचसीसी को 38.92 करोड़ रुपए का हुआ घाटा




**नई दिल्ली।** निर्माण कंपनी हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी को चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 38.92 करोड़ रुपये का एकीकृत घाटा हुआ है। कंपनी को 233.22 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। तीसरी तिमाही में उसकी कुल आमदनी घटकर 1,066.16 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,512.37 करोड़ रुपये थी।

### डॉट ने वोडाफोन आइडिया को कहा भुगतान करने



**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया से कहा है कि वह 2015 में अधिग्रहित स्पेक्ट्रम के लिए किए गए कुल भुगतान में कमी की भरपाई के लिए 6,090.7 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी या 5,493.2 करोड़ रुपये नकद जमा कराए।

### हिंडाल्को का शुद्ध लाभ 60 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 60 प्रतिशत बढ़कर 3,735 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,331 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### आरबीएल के एमडी व सीईओ का कार्यकाल तीन साल और बढ़ा




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आरबीएल बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के तौर पर आर सुब्रमण्यकुमार का कार्यकाल तीन साल के लिए बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। आरबीएल बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि आरबीआई ने 13 फरवरी, 2025 के अपने पत्र के माध्यम से आर सुब्रमण्यकुमार को उसके एमडी और सीईओ के रूप में 23 जून, 2025 से 22 जून, 2028 तक तीन साल की अतिरिक्त अवधि के लिए दोबारा नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है।

# क्या हार्ले-डेविडसन फिर से भारत में पकड़ेगी अपनी रफ्तार?

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क पर जोर देने से क्या अमेरिका की लोकप्रिय बाइक कंपनी हार्ले डेविडसन एक बार फिर भारत में रफ्तार पकड़ेगी।

- कभी भारत में कंपनी ने अपने 13 मॉडल उतारे थे

इस महीने की शुरुआत में पेश किए गए बजट में पहले ही आयातित महंगी बाइकों पर सीमा शुल्क में कटौती की गई है। इस समय भारतीय साझेदार हीरो मोटोकॉर्प के साथ मिलकर विकसित केवल एक मॉडल एक्स-440 बेचने वाली हार्ले डेविडसन ने कभी भारत में 33 डीलरशिप के साथ 4.69 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर 13 मॉडल बाजार में उतारे थे। इससे पहले कंपनी ने 2020 में अपना विनिर्माण और बिक्री परिचालन बंद कर दिया था।

## ट्रंप के जवाबी शुल्क पर जोर देने का पड़ सकता है असर

### भारत के शुल्क कटौती का अमेरिका ने किया स्वागत

*अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच चर्चा के बाद भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान के अनुसार नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। अमेरिका ने शुल्क कटौती के भारत के हालिया उपायों का स्वागत किया।*

***हार्ले का भारत में साझेदार हीरो मोटोकॉर्प :*** *हार्ले डेविडसन के भारतीय साझेदार हीरो मोटोकॉर्प से इस ब्रांड के क्षमता विस्तार के संबंध में पूछे गए सवाल का फिलहाल कोई जवाब नहीं आया है।*



### एसकेडी पर सीमा शुल्क हुआ 20 फीसदी

इसी तरह अर्ध-निर्मित इकाई (एसकेडी) के रूप में आयातित मोटरसाइकिल पर सीमा शुल्क 205 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है। सीकेडी यानी ऐसी मोटरसाइकिल जिनके कलपुर्जे बाहर से आते हैं, लेकिन उन्हें पूरी तरह भारत में तैयार किया जाता है, उन पर शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया।

***बजट में सीमा शुल्क 50 से घटाकर 30 फीसदी किया गया :*** *वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के आम बजट में पूरी तरह से निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में आयातित 1,600 सीसी और उससे अधिक इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिल पर सीमा शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत कर दिया था।*

***अमेरिका में ज्यादातर आयातित बाइकों पर शुन्य शुल्क :*** *उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिका ज्यादातर आयातित बाइकों पर शून्य शुल्क लगाता है, हालांकि 500 सीसी से 800 सीसी के बीच इंजन क्षमता वाले दोपहिया वाहनों पर 1.2 प्रतिशत और 800 सीसी से अधिक क्षमता वाले वाहनों पर 2.4 प्रतिशत शुल्क लगता है।*

## सब्जियों की कीमतों में गिरावट से थोक महंगाई घटी

# थोक महंगाई घटकर 2.31 फीसदी, रोजाना जरूरत के सामान, खाने-पीने की चीजें हुई सस्ती

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं खासकर सब्जियों की कीमतों में गिरावट से थोक मुद्रास्फीति मासिक आधार पर जनवरी में घटकर 2.31 प्रतिशत हो गई। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 में 2.37 प्रतिशत और जनवरी 2024 में 0.33 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की महंगाई जनवरी में घटकर 5.88 प्रतिशत रह गई, जबकि दिसंबर 2024 में यह 8.47 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई उल्लेखनीय रूप से घटकर 8.35 प्रतिशत रह गई, जबकि दिसंबर 2024 में यह 28.65 प्रतिशत थी।

### खुदरा महंगाई में भी आई थी नरमी

खुदरा मुद्रास्फीति के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.31 प्रतिशत पर आ गई।





### मौसमी सुधार से खाद्य पदार्थों की कीमतें सुधरेगी

केयर रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा के अनुसार मौसमी सुधार के कारण आने वाले महीनों में खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी आने की संभावना है। हालांकि, वैश्विक जिंस कीमतों के मोर्चे पर कुछ बाधाएं हैं।

### ईंधन तथा बिजली श्रेणी में महंगाई घटी

ईंधन तथा बिजली श्रेणी में जनवरी में मुद्रास्फीति 2.78 प्रतिशत घटी जबकि दिसंबर में यह 3.79 प्रतिशत थी। विनिर्मित वस्तुओं में मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 के 2.14 प्रतिशत की तुलना में जनवरी 2025 में 2.51 प्रतिशत हो गई।

- थोक मूल्य सूचकांक दिसंबर 2024 में 2 .37 फीसदी रहा
- खाद्य वस्तुओं की महंगाई जनवरी में घटकर 5 .88 प्रतिशत रही
- आलू की महंगाई 74 .28 प्रतिशत पर उच्च स्तर पर बनी रही

### प्याज की कीमतों में वृद्धि




आलू की महंगाई 74.28 प्रतिशत पर उच्च स्तर पर बनी रही और प्याज की मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 28.33 प्रतिशत हो गई। इस दौरान टमाटर की कीमतों में गिरावट आई। अंडा, मांस और मछली श्रेणी में मुद्रास्फीति बीते महीने के 5.43 प्रतिशत से घटकर 3.56 प्रतिशत रह गई।

# दफ्तर की मांग बढ़ने से औसत किराया बढ़ा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश के सात प्रमुख शहरों में दफ्तरों की अधिक मांग के कारण कार्यालयों का औसत किराया बढ़ा है। इसमें बेंगलुरु में पिछले पांच साल में औसत किराया 26 प्रतिशत बढ़कर 93 रुपये प्रति वर्ग फुट प्रति माह हो गया है।

रियल एस्टेट परामर्श कंपनी एनारॉक ने देश के सात प्रमुख संपत्ति बाजारों- दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे के आंकड़े शुक्रवार को जारी किए। इन सात शहरों में बेंगलुरु सबसे आगे है, जहां औसत कार्यालय किराया 26 प्रतिशत बढ़कर 2024 में 93 रुपये प्रति वर्ग फुट प्रति माह हो गया। साल 2019 में यहां औसत किराया 74 रुपये प्रति वर्ग फुट प्रति माह था। हैदराबाद में मासिक कार्यालय किराया 2019 में 56 रुपये प्रति वर्ग फुट से 25 प्रतिशत बढ़कर 2024 में 67 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गया। चेन्नई में कार्यालय स्थल किराया 2019 में 60 रुपये प्रति वर्ग फुट से



- बेंगलुरु में सबसे ज्यादा 26 प्रतिशत वृद्धि : एनारॉक
- दक्षिणी शहरों बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में सबसे अधिक मांग देखी गई

20 प्रतिशत की वृद्धि होकर 75 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गया।

एनारॉक के प्रबंध निदेशक (वाणिज्यिक पट्टा और परामर्श) पीयूष जैन ने कहा, “कार्यालय स्थल की खपत में सबसे अधिक हिस्सेदारी दक्षिणी शहरों बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में देखी गई है।” कुशल कार्यबल की उपलब्धता के साथ मजबूत सूचना प्रौद्योगिकी बुनियादी अवसंरचना परिवेश ने इन दक्षिणी शहरों में मांग, आपूर्ति और किराया बढ़ाया है।

### कोलकाता में किराया बढ़कर 62 रुपए प्रति वर्ग फुट

कोलकाता में औसत कार्यालय किराया बढ़कर 62 रुपये प्रति वर्ग फुट प्रति माह हो गया, जो 2019 में 52 रुपये प्रति वर्ग फुट था। जैन ने कहा, “चूंकि भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है, वैश्विक कंपनियां विस्तार के लिए वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) स्थापित करने पर विचार करेंगी।


# रिलायंस कंज्यूमर ने ब्रांड वेल्वेट का किया अधिग्रहण

एजेंसी ▸▸| चेन्नई

रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की रोजमर्रा के घरेलू सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने तमिलनाडु स्थित ब्रांड वेल्वेट का अधिग्रहण कर लिया है। इसके साथ ही व्यक्तिगत देखभाल खंड में रिलायंस कंज्यूमर की उपस्थिति मजबूत हुई है।

कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) केतन मोदी ने शुक्रवार को यहां कहा कि अधिग्रहण समझौते पर हस्ताक्षर के बाद रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का लक्ष्य शैंपू के वेल्वेट ब्रांड को पुनर्जीवित करना तथा ‘बहुत जल्द’ व्यक्तिगत देखभाल खंड में विभिन्न उत्पाद पेश करना है।

मोदी ने कहा, “रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की सोच में से एक भारतीय विरासत ब्रांड का अधिग्रहण करना है। हमने कैम्पा और फिर रावलगांव शुगर (पान पसंद और कॉफी ब्रेक के प्रवर्तक) का अधिग्रहण किया। हम वेल्वेट का अधिग्रहण करके खुश हैं। हमारा इरादा ब्रांड (वेल्वेट) को पुनर्जीवित करना है।यह रणनीतिक




- व्यक्तिगत देखभाल खंड में रिलायंस कंज्यूमर की उपस्थिति हुई मजबूत

सौदा रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड को वेल्वेट के लिए एक स्थायी लाइसेंस प्रदान करता है, जो एक मजबूत आधार के साथ भविष्य के व्यवसायों के निर्माण के लिए रिलायंस की प्रतिबद्धता से मेल खाता है, साथ ही भारत के पोषित विरासत ब्रांडों को पुनर्जीवित भी करता है।

### कंपनी वेल्वेट ब्रांड के तहत शैंपू बनाती है

शुरुआत में, रिलायंस कंज्यूमर तमिलनाडु में ‘वेल्वेट’ ब्रांड के तहत शैंपू की एक श्रृंखला पेश करेगी और बाद में अन्य बाजारों में विस्तार करेगी। एक प्रश्न के उत्तर में केतन ने कहा कि कंपनी शुरू में शैंपू बनाएगी और बाद में ‘वेल्वेट’ ब्रांड के तहत साबुन और अन्य उत्पाद लाएगी।

## सैमसंग ने उतारा 10 हजार से कम कीमत के 5जी स्मार्टफोन...




**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया की प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने अपने नए 5जी स्मार्टफोन गैलेक्सी एफ06 5जी को पेश किया है। इस स्मार्टफोन को पेश करते हुए कंपनी ने 10,000 रुपये से कम कीमत वाले 5जी स्मार्टफोन खंड में प्रवेश किया है। पिछले दो-तीन महीनों में कई कंपनियों ने 10,000 रुपये से कम मूल्यवर्ग के 5जी स्मार्टफोन पेश किये हैं। सैमसंग इंडिया के महाप्रबंधक अक्षय एस राव ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने अपना सबसे सस्ता 5जी स्मार्टफोन गैलेक्सी एफ06 5जी पेश किया है। इस स्मार्टफोन का उद्देश्य अगले स्तर की 5जी कनेक्टिविटी को सभी लोगों तक पहुंचाना है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका फायदा उठा सकें। उन्होंने बताया कि इस स्मार्टफोन की शुरुआती कीमत 9,499 रुपये है।

# भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा

एजेंसी ▸▸| मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात फरवरी को समाप्त सप्ताह में 7.65 अरब डॉलर बढ़कर 638.26 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई ने शुक्रवार को बताया, यह लगातार तीसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। 31 जनवरी को समाप्त सप्ताह में यह 1.05 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 630.607 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया था। आरबीआई के विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन के



- विदेशी मुद्रा भंडार 7 .65 अरब डॉलर बढ़कर 638 .26 अरब डॉलर

कारण हाल ही में भंडार में गिरावट का रुख रहा था। इससे पहले सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

***आईएमएफ में भारत का आरक्षित भंडार घटा :*** *विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.1 करोड डॉलर बढ़कर 17.88 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 7.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.07 अरब डॉलर रह गया।*

## पीएफसी के शुद्ध लाभ में 23 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 23 प्रतिशत बढ़कर 7,759.56 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बताया कि उसका मुनाफा मुख्य रूप से आमदनी बढ़ने के कारण बढ़ा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 6,294.44 करोड़ रुपये रहा था। पीएफसी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 26,821.84 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 23,593.40 करोड़ रुपये थी।

## टाटा एलेक्सी का ड्रोन के लिए गरुड़ एयरोस्पेस से करार

**मुंबई।** डिजाइन एवं प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता टाटा एलेक्सी ने स्वदेशी ड्रोन प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए डिजाइन, इंजीनियरिंग व प्रमाणन केंद्र स्थापित करने के वास्ते ड्रोन विनिर्माता गरुड़ एयरोस्पेस के साथ साझेदारी की है। बयान के अनुसार, सहयोग के तहत टाटा एलेक्सी एवियोनिक्स, लघुकरण, भू-नियंत्रण प्रणाली, सुरक्षित संचार और ऊर्जा अनुकूलन में अपनी विशेषज्ञता के दम पर यूएवी उप-प्रणालियों के डिजाइन, विकास, परीक्षण व प्रमाणन का नेतृत्व करेगी। मूल उपकरण विनिर्माता गरुड़ एयरोस्पेस जिसकी रक्षा क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति है वह व्यवसाय अधिग्रहण तथा वितरण का नेतृत्व करेगी। टाटा एलेक्सी के (एयरोस्पेस, रेल एंड ऑफ-हाइवे) प्रमुख जयराज राजपांडियन ने कहा, गरुड़ एयरोस्पेस के साथ हमारी साझेदारी भारत की एयरोस्पेस महत्वाकांक्षाओं में एक बड़ी उपलब्धि है।

## सोनालीका ने 2025 की शुरुआत में 10,350 ट्रैक्टरों की बिक्री की



**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख ट्रैक्टर ब्रांड सोनालीका ने 2025 की शुरुआत में जनवरी माह में अब तक की सबसे अधिक 10,350 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने घरेलू बाजार में अपनी बिक्री में वृद्धि दर्ज की और इसने उद्योग के समग्र प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ा। जनवरी 2024 में यह आंकड़ा 9,769 था। सोनालीका, जो कि भारत से ट्रैक्टर निर्यात में नंबर 1 ब्रांड है, कृषि मशीनरी की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए लगातार नवाचार पर ध्यान दे रही है। कंपनी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर किसान के पास शक्तिशाली, कुशल और विश्वसनीय कृषि उपकरण हों, जो उनके खेती के अनुभव को एक नया आयाम दे सकें।

## आरबीआई ने 31 मार्च 2025 को बैंकों को खुला रखने का दिया निर्देश

# आरबीआई ने कैंसिल कर दी सभी बैंकों की ईद की छुट्टी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सभी बैंकों को 31 मार्च 2025 को काम करने का निर्देश दिया है। आरबीआई के मुताबिक, ऐसा इसलिए किया गया है ताकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम दिन यानी बैंकिंग सेवाओं में कोई रुकावट न आए और सभी सरकारी लेनदेन सही समय पर पूरे किए जा सकें। इसके अलावा किसी भी तरह की वित्तीय गड़बड़ी या रिकॉर्ड में असमानता न हो।

आमतौर पर, 31 मार्च को अधिकांश राज्यों में रमजान-ईद (ईद-उल-फितर) के चलते बैंक बंद रहते, केवल हिमाचल प्रदेश और मिजोरम को छोड़कर। लेकिन वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन होने के कारण सरकार चाहती है कि इस दिन सभी सरकारी राजस्व संग्रह, भुगतानों और अन्य वित्तीय निपटानों को पूरा कर लिया जाए ताकि नया वित्तीय वर्ष बिना किसी बाधा के शुरू हो सके।

### 1 अप्रैल 2025 को बैंक रहेंगे बंद पर छत्तीसगढ़ में रहेगा खुला

हालांकि, 1 अप्रैल 2025 (मंगलवार) को बैंक वार्षिक खाता समायोजन (एनुअल अकाउंट क्लोजिंग) के कारण अधिकांश राज्यों में बंद रहेंगे। केवल मेघालय, छत्तीसगढ़, मिजोरम, पश्चिम बंगाल और हिमाचल प्रदेश में ही बैंक खुले रहेंगे।

### 31 मार्च 2025 को कौन-कौन सी बैंकिंग सेवाएं चालू रहेंगी?

आरबीआई के आदेश के अनुसार, निम्नलिखित सेवाएं 31 मार्च को जारी रहेंगी: जिसमें सरकारी करों का भुगतान (इनकम टैक्स, जीएसटी, कस्टम ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी), सरकारी पेंशन और सब्सिडी का भुगतान,सरकारी कर्मचारियों के वेतन और भत्तों का वितरण, सरकारी योजनाओं और सब्सिडी से जुड़े सार्वजनिक लेनदेन।



- 1 अप्रैल 2025 को बैंक वार्षिक खाता समायोजन के कारण बंद रहेंगे

***डिजिटल बैंकिंग सेवाएं जारी रहेंगी***

*ऑनलाइन बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के जरिए टैक्स भुगतान, फंड ट्रांसफर जैसी कई डिजिटल सेवाएं चालू रहेंगी। हालांकि, ग्राहकों को अपने संबंधित बैंकों से यह कन्फर्म कर लेना चाहिए कि उनके बैंक में डिजिटल लेनदेन सुचारू रूप से जारी रहेगा या नहीं।*

### आरबीआई के इस फैसले का असर

आरबीआई के इस कदम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरकारी राजस्व संग्रह में किसी प्रकार की रुकावट न आए। बैंकिंग सेवाएं सुचारू रूप से कार्य करें और कोई भी सरकारी भुगतान लंबित न रहे। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन सभी आवश्यक वित्तीय निपटान पूरे किए जा सकें। बैंकिंग ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि वे इस बदलाव को ध्यान में रखते हुए अपने बैंकिंग कार्यों की योजना बनाएं, खासकर उन लोगों को जो 31 मार्च और 1 अप्रैल को बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं।

## हर्षित लैंडमार्क में गृहप्रवेश मेला के पहले दिन मिला शानदार रिस्पांस, हुई 5 बुकिंग्स



**रायपुर।** रियल एस्टेट के क्षेत्र में एक प्रमुख ब्रांड, सिंघानिया बिल्डकॉन के ड्रीम प्रोजेक्ट हर्षित लैंडमार्क में गृहप्रवेश मेला के पहले दिन 5 बुकिंग कर ग्राहकों ने अपने फ्लैट की चाबी ली। यह मेला 14 से 16 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है और पहले दिन ही ग्राहकों का शानदार प्रतिसाद देखने को मिला है। सिंघानिया बिल्डकॉन ने रायपुर क्षेत्र में अपने 25 से अधिक रेजिडेंशियल और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स में मिले विश्वास और प्यार से उत्साहित होकर इस गृहप्रवेश मेला का आयोजन किया। हर्षित लैंडमार्क में ग्राहकों को 55 लाख रुपए से शुरू होने वाली कीमतों पर 3 और 4 बीएचके प्रीमियम फ्लैट, कमर्शियल शॉप्स और ऑफिस स्पेस रेडी-टू-पोजेशन में उपलब्ध हैं। इस आयोजन के दौरान कई आकर्षक स्कीम लांच की गई हैं, जिनमें 100% बैंक फाइनेंस, 0% प्रोसेसिंग फीस और फ्री क्लब चार्ज जैसी सुविधाएं शामिल हैं। हर्षित लैंडमार्क की लोकेशन शहर के प्रमुख स्थानों के बहुत करीब है। यह एम्स हॉस्पिटल, एनआईटी, पं. दीनदयाल सभागार, पं. रविशंकर विश्वविद्यालय और अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के पास स्थित है, जहां पहले से ही 700 से अधिक परिवार लक्जरी जीवनशैली का आनंद ले रहे हैं। इसके अलावा, यहां 24 घंटे पानी की सुविधा, स्ट्रीटलाइट, प्राकृतिक हरियाली से भरे गार्डन, कवर्ड बाउंड्रीवॉल और 24 घंटे सिक्योरिटी की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी : 53 फीसदी बढ़ी पुरस्कार राशि, अब चैंपियन को मिलेंगे 20 करोड़ रुपए

एजेंसी ▸▸| दुबई

अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की पुरस्कार राशि में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है और अब विजेता टीम को 22 लाख 40 हजार डॉलर (लगभग 20 करोड़ रुपए) मिलेंगे।

उपविजेता को इसकी आधी राशि 11 लाख 20 हजार डॉलर (9.72 करोड़ रुपए) मिलेगी। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 560,000 डॉलर (4.86 करोड़ रुपए) मिलेंगे। कुल पुरस्कार राशि 60 लाख 90 हजार डॉलर (लगभग 60 करोड़ रुपए) कर दी गई है। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने बयान में कहा, 'यह पुरस्कार राशि खेल में निवेश करने और हमारी प्रतियोगिताओं की वैश्विक प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए आईसीसी की प्रतिबद्धता को दिखाती है।'




### ग्रुप चरण में जीतने पर मिलेंगे 30 लाख

किसी भी टीम को ग्रुप चरण में जीत हासिल करने पर 34,000 डॉलर (30 लाख रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी। पांचवें या छठे स्थान पर रहने वाली प्रत्येक टीम को 350,000 डॉलर (तीन करोड़ रुपए), जबकि सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 140,000 अमेरिकी डॉलर (1.2 करोड़ रुपए) मिलेंगे। इसके अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी आठ टीमों में से प्रत्येक को 125,000 डॉलर (1.08 करोड़ रुपए) की गारंटी मिलेगी।




### 7 साल बाद चैंपियनशिप की हो रही वापसी

आईसीसी अध्यक्ष ने कहा, 'आईसीसी पुरुष चैंपियनशिप ट्रॉफी 2025 क्रिकेट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस टूर्नामेंट की फिर से वापसी हो रही है जिसमें वनडे में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं भाग लेती हैं और इसका हर मैच महत्वपूर्ण है।' पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 2009 से 2017 तक प्रत्येक चार साल में किया गया लेकिन इसके बाद कोविड और इसकी प्रासंगिकता को लेकर उठ रहे सवालों के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 1998 हुई थी और इसका आयोजन तब प्रत्येक दो साल में किया जाता था। महिला चैंपियंस ट्रॉफी टी20 प्रारूप में 2027 में शुरू होगी।

### 28 साल बाद मिली मेजबानी

पाकिस्तान 1996 के बाद पहली बार आईसीसी की किसी प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। भारतीय टीम हालांकि सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा नहीं कर रही है और वह अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। पाकिस्तान में होने वाले मैच कराची, लाहौर और रावलपिंडी में खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।

---

## खबर संक्षेप



### बेसबॉल खिलाड़ी बनाने की बात बकवास

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि एशियाई खेलों या ओलंपिक खेलों में पदक जीतने की संभावना बढ़ाने के लिए देश के प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटरों को बेसबॉल खिलाड़ी बनाने पर विचार करेगा। मंत्रालय ने इस तरह की अटकलों को कपोल कल्पित करार देते हुए कहा कि इस तरह के विचार पर कभी भी किसी भी स्तर पर चर्चा या विचार नहीं किया गया है। मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में मिशन ओलंपिक सेल की बैठक में इस तरह के किसी भी सुझाव पर चर्चा नहीं की गई।

### स्वियाटेक कतर ओपन खिताब से दो जीत दूर

**दोहा।** तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियाटेक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एलेना रयबाकिना को 6-2, 7-5 से



हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में जगह बनाने के लिए स्वियाटेक का सामना येलेना ओस्टापेंको से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-2, 6-2 से हराया। रूस की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 4-6, 6-1, 6-1 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा। सेमीफाइनल में अलेक्जेंड्रोवा का मुकाबला एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा से होगा जिन्होंने यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को 4-6, 7-5, 6-4 से पराजित किया।

### साल में दस महीने खेलने से और बढ़ेगा चोटों का खतरा

**कोलकाता।** विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने भारतीय क्रिकेटरों के चोटिल होने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए



इसकी वजह व्यस्त कैलेंडर को बताया जिसमें खिलाड़ी साल में करीब दस महीने तक खेलते हैं। बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी इन दिनों खिलाड़ियों के रिहैबिलिटेशन का केंद्र बन गया है जहां खिलाड़ी अभ्यास से ज्यादा समय रिकवरी में बिता रहे हैं।

---

## वनडे : घर में कंगारुओं को 174 रनों से रौंद चटाई धूल

# श्रीलंका की सबसे बड़ी जीत, वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ

एजेंसी ▸▸| कोलंबो

श्रीलंका ने वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर दूसरे और अंतिम वनडे में 174 रनों से हराकर धमाकेदार जीत हासिल की। यह वनडे इंटरनेशनल में श्रीलंका की ऑस्ट्रेलिया पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत रही। इस जीत के साथ ही श्रीलंका ने दो मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ कर दिया। बता दें कि श्रीलंका ने सीरीज के पहले मुकाबले में 49 रनों से जीत हासिल की थी। कुशल मेंडिस 101 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच और चरिथ असलंका 205 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज बने।

दूसरे वनडे में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए श्रीलंका ने निर्धारित 50 ओवरों में चार विकेट पर 281 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने 11 चौके की मदद से 115 गेंदों पर 101 रन बनाए। वहीं कप्तान चरिथ असलंका 78 रन बनाकर नॉटआउट रहे। असलंका ने 66 गेंदों का सामना किया और 6 चौके के अलावा 3 छक्के लगाए। टीम के लिए निशान मदुष्का (51) और जेनिथ लियानागे (32*) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।




### श्रीलंका नहीं खेल रही चैंपियंस ट्रॉफी

बता दें कि श्रीलंकाई टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भाग नहीं ले रही है। वनडे वर्ल्ड कप 2023 की टॉप-8 टीमों को ही चैंपियंस ट्रॉफी खेलने का मौका मिला है। उधर ऑस्ट्रेलियाई टीम 50 ओवर्स की क्रिकेट में वर्ल्ड चैंपियन है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मिली इस हार से ऑस्ट्रेलिया का मनोबल जरूर गिरेगा।

### कंगारू 107 रनों पर ढेर

282 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 24.2 ओवरों में महज 107 रनों पर ढेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया के केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंकों में पहुंच सके। इसमें कप्तान स्टीव स्मिथ (29), विकेटकीपर जोश इंगलिस (22) और ट्रेविस हेड (18) का नाम शामिल रहा। श्रीलंकाई टीम के लिए स्पिनर डुनिथ वेलालगे ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। वहीं दूसरे स्पिनर वानिंदु हसारंगा ने भी तीन खिलाड़ियों को चलता किया। तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो ने भी तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की हार की पटकथा लिखी।

### ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष 5 खिलाड़ी बाहर

चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष पांच खिलाड़ी बाहर हो गए है। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने निजी कारणों के चलते इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया। कप्तान पैट कमिंस, मिचेल मार्श और जोश हेजलवुड इंजरी के चलते पहले ही टूर्नामेंट से आउट हो गए थे। जबकि मार्कस स्टोइनिस ने अचानक ही वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया था। सीन एबॉट, बेन ड्वारशुइस, स्पेंसर जॉनसन, जेक-फ्रेजर मैकगर्क और तनवीर संघा को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है।

---

## मास्टर्स लीग

# भारत के कप्तान होंगे सचिन संगकारा श्रीलंका के कप्तान



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चैंपियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर पहली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत के कप्तान होंगे जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगकारा श्रीलंका की कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट 22 फरवरी से 16 मार्च के बीच मुंबई, वडोदरा और रायपुर में खेला जाएगा। भारतीय मास्टर्स टीम का ऐलान यहां शुक्रवार को किया गया जिसमें विश्व कप विजेता युवराज सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान और अंबाती रायुडू जैसे खिलाड़ी हैं। इरफान ने कहा, 'लीग के पहले सत्र में इंडिया मास्टर्स टीम का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। सचिन तेंदुलकर और अन्य साथियों के साथ अतीत में इतने खुशनुमा और अनमोल पल साझा किए हैं कि बहुत अच्छा लग रहा है।'

श्रीलंका मास्टर्स टीम में पूर्व आक्रामक बल्लेबाज रोमेश कालुवितरणा, तेज गेंदबाज सुरंगा लकमल और सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा हैं। भारत और श्रीलंका के अलावा इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज भी इसमें भाग लेंगे।

### दूसरी रैंकिंग सीरिज से बाहर रहेंगे भारतीय पहलवान

नई दिल्ली। भारतीय पहलवान अल्बानिया में वर्ष की दूसरी रैंकिंग सीरिज से बाहर रहेंगे चूंकि खेल मंत्रालय ने यह कहकर मंजूरी रोक दी कि भारतीय कुश्ती महासंघ ने समय पर जरूरी अनुशंसा जमा नहीं की। मंत्रालय और निलंबित डब्ल्यूएफआई के बीच मतभेदों के चलते भारतीय पहलवान क्रोएशिया के जगरेब में पहली रैंकिंग सीरिज से बाहर रह चुके हैं। मंत्रालय ने दिसंबर 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था लेकिन अंतरराष्ट्रीय कुश्ती से उसे मान्यता मिली हुई है। उसने ऐन मौके पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को प्रस्ताव भेजा था। एक सूत्र ने बताया, 'डब्लूएफआई ने ऐन मौके पर प्रस्ताव भेजा और प्रस्तावित नाम भेजने में भी विलंब हुआ।

---

# आरसीबी ने जीत के साथ किया आगाज गुजरात जाइंट्स को छह विकेट से रौंदा

एजेंसी ▸▸| वड़ोदरा

रिचा घोष के 27 गेंद में नाबाद 64 रन और एलिसे पैरी की 34 गेंद में 57 रन की पारी की मदद से गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने महिला प्रीमियर लीग के तीसरे सत्र के पहले मैच में शुक्रवार को गुजरात जाइंट्स को छह विकेट से हरा दिया। जीत के लिए 202 रन का लक्ष्य आरसीबी ने नौ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया।

इससे पहले कप्तान एशले गार्डनर और अनुभवी बेथ मूनी के अर्धशतकों की मदद से गुजरात जाइंट्स ने पांच विकेट पर 201 रन बनाए। मूनी ने 42 गेंद में आठ चौकों की मदद से 56 रन बनाए जबकि गार्डनर ने 37 गेंद में 79 रन



महिला प्रीमियर लीग

की नाबाद पारी खेली जिसमें तीन चौके और आठ छक्के शामिल थे। इससे पहले गत चैंपियन आरसीबी की कप्तान मंधाना ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। स्कोर बोर्ड पर जब 41 रन टंगे थे तब लौरा वोल्वार्ट और डी हेमलता पवेलियन लौट गए लेकिन गार्डनर और मूनी ने टीम को इन झटकों से निकाला।

# सेना 65 स्वर्ण के साथ शीर्ष पर 38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन

मेजबान उत्तराखंड ने जीते 24 स्वर्ण



एजेंसी ▸▸| हल्द्वानी

मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन समारोह के अवसर पर कहा कि भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है।

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने अगले मेजबान मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा को ध्वज सौंपने से पहले खेलों के समापन की घोषणा की। राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत 28 जनवरी को हुई थी जिसमें सेना खेल संवर्धन बोर्ड कुल 121 पदक (68 स्वर्ण, 26 रजत, 27 कांस्य) के साथ पिछले छह राष्ट्रीय खेल में पांचवीं बार पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। महाराष्ट्र ने 198 (54 स्वर्ण, 71 रजत, 73 कांस्य) के साथ सेना से अधिक पदक जीते लेकिन कम स्वर्ण पदक जीतने के कारण वह दूसरे स्थान पर रहा। यहां तक कि हरियाणा को 153 (48 स्वर्ण, 47 रजत, 58 कांस्य) के साथ सेना से अधिक पदक मिले, लेकिन उसे तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।





# भारत की मिश्रित बैडमिंटन टीम को जापान से मिली हार

एजेंसी ▸▸| क्रिंगदाओ

भारत शुक्रवार को यहां बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जापान की अपेक्षाकृत कमजोर टीम से 0-3 से हार गया और इस तरह से प्रतियोगिता में उसके अभियान का निराशाजनक अंत हुआ।

दुबई में 2023 के कांस्य पदक विजेता भारत को अपनी लय पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा और 2017 के चैंपियन जापान के खिलाफ उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। क्वार्टर फाइनल के शुरुआती मैच में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल



जोड़ी हिरोकी मिदोरिकावा और नात्सु सैतो से 13-21, 21-17, 13-21 से हार गई। पीवी सिंधु के चोटिल होने के कारण महिला एकल में भारत का दारोमदार मालविका बांसोड़ पर था लेकिन वह टोमोका मियाज़ाकी से 12-21, 19-21 से हार गई जिससे भारत 0-2 से पीछे हो गया। भारत को मुकाबले में बनाए रखने की जिम्मेदारी एचएस प्रणय पर थी। सत्र के शुरू से फॉर्म से जूझ रहे 32 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी दुनिया के 16वें नंबर के केंटा निशिमोटो के खिलाफ दबाव बरकरार नहीं रख सके। जापानी स्टार ने एक घंटे और 17 मिनट में 21-14, 15-21, 21-12 से जीत दर्ज कर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

AXIS BANK ऐक्सिस बैंक लिमिटेड स्ट्रक्चर्ड समपत्ति ग्रुप- पूर्व ए सेक्सपियर सारिणी चौथी मंजिल कोलकाता - 700071 फोन 033-66272035

अचल समपत्ति की बिक्री के लिए विक्रय सूचना

प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के तहत् अचल समपत्ति की बिक्री के ई-आक्सन नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक्सिस बैंक लिमिटेड के एक अधिकारी ने दिनांक 01.01.2019 को मांग नोटिस जारी कर उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को उक्त नोटिस में उल्लिखित ब्याज सहित राशि चुकाने का आह्वान किया। उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर नीचे उल्लिखित राशि चुकाने में विफल रहे है, इसलिए आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो एक्सिस बैंक लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक हैं, जिनका भौतिक कब्जा एक्सिस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें "जहां है जैसा है", "जो है जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर 11.03.2025 को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत बैंक के बकाए की वसूली के लिए नीचे दिए अनुसार निविदाएं/बोलियां आमंत्रित करके बेचा जाएगा।

| उधारकर्ताओ/जमानतदार /बंधककर्ता के नाम | गिरवी रखी समपत्ति का विवरण | ऋण की रकम |
|---|---|---|
| एसबी बजार प्रा. लि. बी 38,सेक्टर -4देवेंद्र नगर रायपुर-492001 छत्तीसगढ़ एवं जमानतदार (1) श्री सतोंष भंडारी सी-53,सेक्टर -5 देवेंद्र नगर पंडरी रायपुर-492004 छत्तीसगढ़ (2) श्री नीतेश भंडारी सी-53,सेक्टर -5 देवेंद्र नगर पंडरी रायपुर-492004 छत्तीसगढ़ | खसरा नं. 1211/15, 1212/15 1213/15, 1214/17, & 1220/15 पीएच नं. 110/40 मौजा शंकरनगर वार्ड क्र 28रायपुर की जमीन एवं उस पर निर्मित सभी तरह की संरचना निर्मित अथवा निर्माणाधीनजिसका नाप 20013 व.फु. क्षेत्रफल में है एवं श्री संतोष भंडारी के नाम जमीन चढ़ी हुई हैजिसकेउत्तर मेहलवानी की जमीन दक्षिण में बैनर्जी की जमीन पूर्व मे रोड पश्चिम में भोला एवं राम की जमीन रूकावटें (यदि कोई हो)- बैंक की जानकारी मे नहीं | रूपये 21,75,83217.68 (इक्कीस करोड़ छयत्तर लाख तेरासी हजार दो सौ सत्तरह एवं अरसठ पैसा) बकाया राशि जो कि 30/11/2024 की तारीख के अनुसार है (इसमे 30/11/2024 तक के ब्याज की राशि शमिल है) तदोपरांत लगा ब्याज, अन्य खर्चे एवं उससे जुड़े हुई कीमत, हानियाँ इत्यादि 30/11/2024 से लागू यदि कोई पुर्न भुगतान किया होगा तो वह घटा दिया जावेगा<br>संरक्षित कीमत (आर पी) रूपये 3,04,20,000/- (रूपये तीन करोड चार लाख) बीस हजार मात्र<br>बयाना राशि (ईएमडी)- रू30,50,000/- मात्र नीलामी की तारीख व समय 11/03/2025<br>दोपहर 11:30 से 12:30 अपरह तक |

ई-नीलामी बिक्री की शर्तें और नियम

1. सुरक्षित परिसंपत्तियों को बैंक द्वारा अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) के माध्यम से ई-नीलामी द्वारा बेचा जाएगा, जो ऑनलाइन ई-नीलामी आयोजित करने में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता कर रहे हैं। 2. उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को "जहां है, वहीं", "जो कुछ भी है", "कोई सहारा नहीं" की शर्त पर बेचा जाएगा। 3. नीलामी बिक्री/बोली केवल "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली प्रक्रिया" के माध्यम से वेबसाइट https://axisbank.auctiontiger.net पर 11.03.2025 को सुबह 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे के बीच होगी, जिसमें अंतिम 5 मिनट में बोली लगाने की स्थिति में 5 मिनट का असीमित विस्तार होगा। 4. ईएमडी को प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड के पक्ष में तैयार डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा किया जाना है, जो सममूल्य पर देय है। ईएमडी राशि के साथ बोली आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10.03.2025 दोपहर 3:00 बजे है। डिमांड ड्राफ्ट (ईएमडी) के पीछे बोली लगाने वाले का पूरा नाम, पता, संपर्क नंबर और ई-मेल आईडी का उल्लेख किया जाना चाहिए। 5. बोली आवेदन पत्र एक सादे कागज पर इच्छुक बोली लगाने वाले के विवरण (केवाईसी दस्तावेज यानी फोटो आईडी प्रमाण, पैन कार्ड, पता प्रमाण, ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर) के साथ एक सीलबंद लिफाफे में और ईएमडी के साथ एक्सिस बैंक को जमा किया जा सकता है। लिमिटेड, स्ट्रक्चर्ड एसेट्स ग्रुप-ईस्ट, चौथा तल, एसी मार्केट बिल्डिंग, शेक्सपियर सरानी, कोलकाता-700071। 6. नीलामी ऊपर उल्लिखित आरक्षित मूल्य से कम पर शुरू नहीं होगी। बोलीदाताओं को 10,000/- रुपये के गुणकों में अपने प्रस्तावों में सुधार करने की अनुमति होगी। 7. इच्छुक बोलीदाताओं के पास एक वैध ई-मेल आईडी होनी चाहिए और उन्हें https://axisbank.auctiontiger.net पोर्टल पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए और मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड से अपना यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए, जिसके बाद उन्हें 11.03.2025 को निर्धारित ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। 8. संभावित बोलीदाता मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। संपर्क व्यक्ति: श्री राम शर्मा, मोबाइल: 8000023297/9265562821/9265562818, ईमेल आईडी: ramprasad@auctiontiger.net/support@auctiontiger.net. 9. उच्चतम/सफल बोली लगाने वाले के मामले में ईएमडी राशि समायोजित की जाएगी और शेष बोलीदाताओं की ईएमडी राशि बोली आवेदन में उल्लिखित पते पर (बिक्री के अंतिम रूप से 2 कार्य दिवसों के भीतर) असफल बोलीदाताओं को वापस कर दी जाएगी या वे एक्सिस बैंक लिमिटेड, एसएजी (पूर्व), चौथी मंजिल, एसी मार्केट बिल्डिंग, 1, शेक्सपियर सरानी, कोलकाता-700 071 पर जाकर व्यक्तिगत रूप से इसे प्राप्त कर सकते हैं। ईएमडी पर ब्याज नहीं लगेगा। 10. इच्छुक पक्ष स्ट्रक्चर्ड एसेट्स ग्रुप (पूर्व) कार्यालय में 033-66272035/9830959995 पर संपर्क करके साइट पर परिसंपत्तियों का निरीक्षण कर सकते हैं। 11. उच्चतम/सफल बोलीदाता को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उच्चतम बोली स्वीकार किए जाने के अगले कार्य दिवस के भीतर ईएमडी समायोजित करने के पश्चात बिक्री मूल्य की 25% राशि जमा करनी होगी, अन्यथा बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी। उच्चतम बोलीदाता को संपत्ति का क्रेता घोषित किया जाएगा, बशर्ते वह बोली लगाने के लिए कानूनी रूप से योग्य हो। बिक्री मूल्य का शेष 75% सफल बोलीदाता को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री की पुष्टि के 15 दिनों के भीतर या प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिखित रूप में सहमत ऐसी विस्तारित अवधि के भीतर और पूरी तरह से उसके विवेक पर भुगतान करना होगा। 12. सफल बोलीदाता द्वारा शेष राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर, बोलीदाता द्वारा भुगतान की गई पूरी जमा राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जाएगी, जब तक कि सुरक्षित ऋणदाता (बैंक) द्वारा लिखित रूप में समय आगे नहीं बढ़ाया जाता है और संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। भुगतान प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में किया जाना है, जो सममूल्य पर देय है। 13. यदि सफल बोलीदाता नीलामी बिक्री की शर्तों और नियमों का पालन करने में विफल रहता है, तो ईएमडी राशि बिना किसी पूर्व सूचना के जब्त की जा सकती है। 14. बैंक बिक्री के अंतर्गत आने वाली संपत्ति के संबंध में सरकार या किसी अन्य को किसी भी शुल्क, ग्रहणाधिकार, ऋणभार, संपत्ति कर या किसी अन्य बकाया के लिए जिम्मेदार/उत्तरदायी नहीं होगा। बैंक उक्त चल संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में बिक्री के लिए पेश की गई सुरक्षित संपत्तियों/चल संपत्तियों के संबंध में कोई अनुमति/लाइसेंस आदि प्राप्त करने की कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। 15. एक्सिस बैंक लिमिटेड उच्चतम और/या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए नीलामी को स्थगित/स्थगित करने और बिना किसी पूर्व सूचना के बिक्री की किसी या सभी शर्तों को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। 16. उच्चतम बोली की स्वीकृति बैंक के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन होगी। बैंक SARFAESI नियम, 2002 के तहत निर्धारित किसी भी तरीके से संपत्तियों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है। 17. सफल बोलीदाता को कानून के अनुसार लागू जीएसटी, स्टाम्प ड्यूटी पंजीकरण शुल्क, अन्य कर, आकस्मिक व्यय आदि जैसे परिवहन के लिए देय शुल्क/फीस/कर का वहन करना चाहिए। सफल बोलीदाता को सभी वैधानिक बकाया, यदि कोई हो, का भी वहन करना होगा। 18. इस नोटिस में कुछ भी बैंक की ओर से उपरोक्त संपत्तियों की बिक्री के लिए कोई प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व नहीं दर्शाता है या नहीं माना जाएगा। बैंक/प्राधिकृत अधिकारी किसी भी कारण से या बिना कोई कारण बताए भी बिक्री को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और ऐसे रद्दीकरण पर बोलीदाताओं द्वारा सवाल नहीं उठाया जाएगा। 19. निविदा में भाग लेने से पहले परिसंपत्तियों और विशिष्टताओं के बारे में निरीक्षण करना और खुद को संतुष्ट करना निविदाकर्ताओं की जिम्मेदारी है। 20. बिक्री प्रमाणपत्र/बिक्री प्रमाणपत्र पूरी बोली राशि और अन्य शुल्क (यदि कोई हो तो) जिसमें जीएसटी/टीडीएस भी शामिल है, जहां भी लागू हो, का भुगतान करने के बाद ही वितरित किया जाएगा। 21. विशेष निर्देश और सावधानी: बोलीदाताओं को अपने हित में अंतिम मिनटों/सेकंड में बोली लगाने से बचना चाहिए। ऐसे मामलों में विक्रेता की ओर से किसी भी चूक/विफलता (इंटरनेट विफलता, बिजली विफलता आदि) के लिए न तो एक्सिस बैंक और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्था/विकल्प जैसे बैक-अप बिजली आपूर्ति और जो भी आवश्यक हो, कर लें ताकि वे ऐसी स्थिति से बच सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें। 22. बिक्री की विस्तृत शर्तों के साथ बिक्री नोटिस एक्सिस बैंक लिमिटेड की वेबसाइट www.axisbank.com/auction-notices लिंक पर उपलब्ध है।

दिनांक - 15.02.2025
स्थान - रायपुर छत्तीसगढ़

हस्ता. अधिकृत अधिकारी
ऐक्सिस बैंक लिमिटेड

# इस रहस्यमयी जहाज पर अचानक सभी लोगों की हो गई थी मौत, आज तक अनसुलझी

एजेंसी ▶▶ लंदन

दुनियाभर में कई रहस्यमयी घटनाएं घटी हैं, जो आज भी अनसुलझी हैं। इन रहस्यों से वैज्ञानिकों भी पर्दा नहीं उठा पाएं हैं। जहाजों से जुड़े भी कई रहस्य हैं, जिनकी चर्चा अक्सर होती है। कई जहाज आसमान में उड़ान भरते समय, तो पानी के जहाज महासागर में अचानक लापता हो गए। इनके बारे में आज तक नहीं पता चल पाया है, जो आज भी रहस्य हैं।

### जहाज पर सभी की हो गई मौत

इस अनोखी घटना के बारे में जानकर आपको यकीन नहीं होगा और आप सोचने पर मजबूर हो जाएंगे। यह घटना काफी पुरानी है, क्योंकि यह करीब 78 साल पहले घटी थी। यह बात साल 1947 के जून महीने की है। उस समय मलक्का की खाड़ी में स्थित व्यापारिक मार्ग से कई समुद्री जहाज जा रहे थे। इस दौरान एक एसओएस संदेश कि जहाज पर सवार सभी क्रू सदस्यों की मौत हो गई है। यह जानकारी सामने आते ही हड़कंम मच गया।



### जहाज पर पहुंचते ही हैरत में पड़ गए क्रू सदस्य

द सिल्वर स्टार के क्रू सदस्य उस रहस्यमयी जहाज पर पहुंचे तो वो उन्होंने देखा कि हर तरफ सिर्फ लाशें ही लाशें बिखरी पड़ी थीं। यह देखकर कई लोगों की तो आंखें भी खुली हुई थीं। उन्हें देखकर ऐसा लग रहा था, जैसे वो किसी चीज से डरे हुए हों। सबसे हैरानी की बात यह थी कि जिनकी मौत हुई थी उनके शरीर पर किसी भी तरह के जख्म के निशान नहीं थे।

### बॉयलर रूम में जाने पर उड़े होश

इसके बाद द सिल्वर स्टार के क्रू सदस्य उस रहस्यमयी जहाज के बॉयलर रूम में गए तो उन्हें बहुत ज्यादा ठंड लगने लगी, जबकि वहां का तापमान 100 डिग्री सेल्सियस से ऊपर था। अब यह बेहद ही हैरान करने वाली घटना थी। यह सब देखने के बाद द सिल्वर स्टार के क्रू सदस्यों ने जल्दी से अपने जहाज पर जाने का निर्णय लिया।

### धमाके के बाद समुद्र में समा गया जहाज

द सिल्वर स्टार के क्रू सदस्य अपने जहाज तक पहुंचते, उससे पहले ही उस रहस्यमयी जहाज से धुआं निकलने लगा और उसमें आग लग गई। हालांकि, किसी तरह क्रू सदस्य अपने जहाज पर पहुंच गए। उनके वहां पहुंचते ही उस रहस्यमयी जहाज में एक जोरदार धमाका हुआ और देखते ही देखते जहाज समुद्र की गहराइयों में समा गया।

### रहस्यमय शक्ति की चर्चा

इस घटना के पीछे कुछ लोग रहस्यमयी शक्ति को जिम्मेदार मानते हैं तो वहीं कुछ लोग मानते हैं कि वहां प्राकृतिक गैसों का एक बादल बन गया था, जिसकी वजह से जहाज के सभी क्रू सदस्य मारे गए और जहाज में भी आग लग गई। उस रहस्यमयी जहाज को 'द एस एस ओरंग मेडान' के नाम से जाना जाता है। अब इस घटना के लिए कौन जिम्मेदार था, यह आज तक पता नहीं चल पाया है। लोग 'द एस एस ओरंग मेडान' को भूतिया जहाज भी कहते हैं। वहीं, कुछ लोग इसे काल्पनिक भी मानते हैं।

रोचक खबरें

## दुनिया का 'सबसे बड़ा अंडा' है ये हजारों मील दूर की संस्कृति का प्रतीक, बन रहा है टूरिस्ट अट्रैक्शन



एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

वैसे तो दुनिया में कई तरह के अजूबे हैं। लेकिन, कुछ जगहें ऐसी हैं जो अपने अनोखे होने की वजह से बहुत ज्यादा सर्च की जाती हैं। गूगल मैप ने ऐसी ही कुछ जगहों का पता बताया है जिन्हें दुनिया भर में सबसे अधिक खोजे जाने वाले 'विश्व के सबसे बड़े'स्थलों की सूची में शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, इस कारण से वे अब खासे पर्यटक आकर्षण स्थल बन चुके हैं। इन्हीं में से एक दुनिया का सबसे बड़ा अंडा है। सुनने में अजीब सा लगेगा। यह कोई असली अंडा नहीं है, बल्कि एक 20 फुट ऊंची कलाकृति है जो फाइबर ग्लास की बनी है।

### देखे बिना नहीं गुजरते लोग

इस अंडे की खास बात इसकी अनोखी डिजाइन है, जो इसे दुनिया का सबसे बड़ा पेंटेड, यानी पुता हुआ अंडा बना देती है। जब लोग इंटरनेट पर या गूगल मैप पर दुनिया के सबसे बड़े अंडे को देखते हैं तो उनकी इसे देखने की इच्छा होती है। सिटी ऑफ विल्सन की सड़क से गुजरने वाला कोई इंसान इसे देखे बिना आगे नहीं बढ़ता है।

### खास तरह का दुनिया का सबसे बड़ा अंडा

वैसे को यह बड़ा सा अंडा अमेरिका के कांसस में स्थित है , लेकिन इसका नाम चेक एग है। क्योंकि, इसका चेक गणराज्य से गहर नाता है। यह सुंदर सी कलाकृति सड़क के किनारे पुताई किए हुए फाइबर ग्लास की है जो कि असल में चेक विरासत और संस्कृति का प्रतीक है। यह कांसस के सिटी ऑफ विल्सन के लोगों की धरोहर मानी जाती है।

## चिड़ियाघर ने बनाया नियम, यहां मर्दों का अकेले आना है मना



**टोक्यो।** आप क्या कहेंगे अगर आप ऐसी जगह पहुंचे जहां पर मर्दों का अकेले जाना मना हो। उन्हें उस क्षेत्र में या तो परिवार या फिर केवल दोस्तों (महिला का होना जरूरी) के साथ ही जाने की इजाजत हो। ऐसा में यह सवाल मन में उठता है कि यह लिंगभेद क्यों? क्या आज के आधुनिक समाज में ऐसी कोई जगह हो भी सकती है, जहां ऐसा करने की जरूरत है। आप शायद यकीन ना करें। यह बहस का मुद्दा हो गया है। क्योंकि, जापान के एक चिड़ियाघर ने ऐसा ही फरमान जारी किया है। जापान में एक चिड़ियाघर की निदेशक मीसा मामा को यह फैसला लेने पर मजबूर होना पड़ा कि वहां पुरुषों पर्यटकों को अकेले प्रवेश से वंचित कर दिया जाय।

### क्यों लगाया है नोटिस?

लेकिन, अब चिड़िया घर के प्रवेशद्वार पर ही नोटिस लगा दिया गया है कि यहां पुरुष आगुंतक अकेले नहीं आ सकते हैं। मीसा ने बताया कि वैसे तो यहां अधिकांश लोग परिवार और जोड़े से ही आते हैं, लेकिन कुछ अकेले मर्दों ने महिला आगुंतकों के साथ उन्हें भी छेड़ा है। चिड़िया घर के निदेशक होने के नाते वे कुछ ज्यादा ही सहन कर रही थीं। पर आखिरकार उन्हें यह कड़ा फैसला लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### सोशल मीडिया पर खड़ा कर दिया है विवाद

इस फैसले ने सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा कर दिया है। कई लोगों ने इसे लिंग भेदभाव की तरह बताया है। वहीं, मीसा का कहना है कि वे पुरुषों के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन महिला आगुंतकों के सुरक्षा के लिए ऐसे कदम उठाने के लिए मजबूर हैं। कई लोगों ने मीसा का समर्थन भी किया है। इसके कुछ लोगों ने वैकल्पिक सुझाव भी दिए हैं, जिनमें ज्यादा से ज्यादा पुरुष स्टाफ को शामिल करना भी शामिल हैं।

# अंतरिक्ष से लौटने पर सुनीता विलियम्स को इन मुश्किलों का करना पड़ेगा सामना!

*वॉशिंगटन। अंतरिक्ष से धरती पर लौटना इतना आसान नहीं। 8 दिनों के लिए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन भेजी गईं भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स आखिरकार 12 मार्च 2025 को धरती पर लौटने वाली हैं। उन्हें और उनके साथी बुच विलमोर को स्पेसक्राफ्ट 'स्टारलाइनर' के जरिए वापस आना था, लेकिन तकनीकी खराबी के चलते यह मिशन अनुमान से अधिक लंबा खिंच गया। नतीजा यह हुआ कि 8 दिनों की यात्रा अब 8 महीनों में बदल गई। इतने लंबे समय तक माइक्रोग्रैविटी में रहने के कारण अब उनकी सेहत पर कई प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। आइए समझते हैं कि अंतरिक्ष से लौटने के बाद उन्हें किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।*

## लंबे समय तक माइक्रोग्रैविटी में रहने के कारण सेहत पर पड़ सकते हैं कई प्रभाव

### चलना-फिरना हो सकता है मुश्किल

अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण न होने के कारण शरीर की मांसपेशियां कमजोर पड़ जाती हैं। वहां कोई भी काम करने के लिए शरीर को ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती, क्योंकि हर चीज हवा में तैरती रहती है। लेकिन धरती पर लौटते ही शरीर को गुरुत्वाकर्षण के साथ तालमेल बिठान पड़ता है। यही वजह है कि एस्ट्रोनॉट्स को पहले कुछ दिनों तक चलने- फिरने और संतुलन बनाने में मुश्किल होती है।



### हड्डियों पर असर

आईएसएस में महीनों तक रहने से हड्डियों का घनत्व हर महीने लगभग 1% तक कम हो जाता है। खासतौर पर पैरों, पीठ और गर्दन की हड्डियां अधिक प्रभावित होती हैं। इससे सुनीता को वापस आने के बाद शारीरिक गतिविधियों में तकलीफ हो सकती है।

### संतुलन और कोऑर्डिनेशन में दिक्कत

हमारे कानों और मस्तिष्क में एक खास संतुलन प्रणाली जिसे वेस्टिबुलर सिस्टम कहते हैं। शरीर को स्थिर रहने में मदद करती है। अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के कारण यह प्रणाली प्रभावित हो सकती है, जिससे संतुलन बनाए रखना कठिन हो सकता है। ऐसे में सुनीता को खड़े होने, चलने और शरीर के विभिन्न अंगों के बीच तालमेल बनाने में दिक्कत हो सकती है।

### माइक्रोग्रैविटी की आदत

अंतरिक्ष में महीनों बिताने के बाद एस्ट्रोनॉट्स माइक्रोग्रैविटी के आदी हो जाते हैं। वहां किसी भी चीज को छोड़ने पर वह तैरती रहती है, लेकिन धरती पर लौटने के बाद भी उनका मस्तिष्क उसी तरीके से काम करता है। ऐसे में शुरुआत में वे अनजाने चीजों को हवा में छोड़ देते हैं, ये भूलकर कि अब वे गिर जाएंगी।

### आंखों पर प्रभाव

स्पेस में जीरो ग्रैविटी के कारण शरीर का तरल पदार्थ सिर की ओर बढ़ जाता है, जिससे आंखों के पीछे की नसों पर दबाव पड़ता है।इसे इसे स्पेसफ्लाइट एसोसिएटेड न्यूरो-ओकुलर सिंड्रोम कहा जाता है। इसका असर उनकी दृष्टि पर पड़ सकता है और हो सकता है कि उन्हें चश्मा लगाने की जरूरत पड़े।

### इम्यून सिस्टम और रेडिएशन का प्रभाव

स्पेस में हाई-लेवल रेडिएशन के संपर्क में रहने से एस्ट्रोनॉट्स की इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है। इससे उन्हें संक्रमण और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा, लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने से डीएनए में बदलाव, हृदय से जुड़ी समस्याएं और मानसिक तनाव जैसी चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं।

### तो सुनीता विलियम्स कब तक पूरी तरह रिकवर होंगी?

धरती पर लौटने के बाद एस्ट्रोनॉट्स को सामान्य जीवन में वापस आने में 45 दिन से लेकर कुछ महीनों या एक साल तक का समय लग सकता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि वे कितने समय तक अंतरिक्ष में रहे हैं और उनके शरीर पर इसका कितना असर पड़ा है। सुनीता की सेहत को लेकर डॉक्टर्स भी सतर्क हैं और उनके रिकवरी प्लान को लेकर विशेष रणनीति बनाई गई है। आने वाले महीनों में मेडिकल सुपरविजन और फिजिकल थेरेपी के जरिए उन्हें सामान्य स्थिति में लाने का प्रयास किया जाएगा।


एआई का जवाब आपको हैरान कर देगा!

# क्या सच में 'खाली दिमाग शैतान का घर होता है'?

एजेंसी ▶▶ लंदन

'खाली दिमाग शैतान का घर होता है' यह वाक्य बहुत ही पुराना है, लेकिन आज भी इसकी प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। जब हम इस कहावत को कहते हैं, तो इसका मतलब है कि जब हमारी मानसिकता या दिमाग किसी काम में व्यस्त नहीं होता, तो नकारात्मक विचार या बुरे कार्यों की संभावना बढ़ जाती है। यह कहावत इंसान की मानसिक स्थिति को दर्शाती है, जिसमें व्यस्त रहने और सकारात्मक विचारों पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

**मनुष्य की सोच और मानसिकता**एक खाली दिमाग का मतलब है, एक ऐसा दिमाग जिसमें कोई उद्देश्य या दिशा न हो। जब हम किसी काम में लगे रहते हैं, जैसे पढ़ाई, काम या खेल, तो हमारा दिमाग सकारात्मक तरीके से कार्य करता है और यह नकारात्मक विचारों से बचता है। लेकिन, जब हम कुछ नहीं करते, तो दिमाग उन विचारों की ओर झुका जाता है, जो हमारी सोच को नकारात्मक बना सकते हैं। यह नकारात्मकता कभी-कभी हमें गलत रास्ते पर भी ले जा सकती है।



### पॉजिटिविटी और मानसिक विकास

किसी भी व्यक्ति के मानसिक विकास में सकारात्मकता का बहुत बड़ा योगदान होता है। जब हमारा दिमाग किसी उद्देश्य से भरा होता है, तो हम नकारात्मक विचारों से बच सकते हैं और अपने जीवन में सफलता हासिल कर सकते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि हम अपने खाली समय में अच्छे कार्यों, जैसे खेल, किताबें पढ़ना, या कोई नया कौशल सीखना, को प्राथमिकता दें. इससे हमारा दिमाग स्वस्थ और सक्रिय रहता है।

**समय का महत्व :** आजकल के तेज जीवन में, जहां हर व्यक्ति के पास बहुत कम समय होता है, खाली समय का सही उपयोग करना बेहद जरूरी है। अगर हम खाली समय को सही दिशा में नहीं लगाते, तो यह शैतान की तरह हमारी सोच और कार्यों को प्रभावित कर सकता है।

### खाली दिमाग के नुकसान


अगर हम खाली बैठते हैं और बिना किसी उद्देश्य के समय बर्बाद करते हैं, तो यह हमारी मानसिकता पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। खाली समय में बुरे विचार आते हैं, जो हमारे निर्णयों को प्रभावित करते हैं और कभी-कभी हमें गलत काम करने की प्रेरणा भी देते हैं। यही कारण है कि यह कहावत बहुत ही सटीक है – 'खाली दिमाग शैतान का घर होता है।'

मृत बीवी सपने में आई तो बदली जिंदगी

# 36 साल से महिला बनकर रह रहा, बिंदी चूड़ी और सिंदूर के साथ सोलह श्रृंगार

एजेंसी ▶▶ जौनपुर

अंधविश्वास दूर करने के लिए वैज्ञानिक सोच के साथ जागरुकता की जरूरत है। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में अंधविश्वास का जीता-जागता ऐसा उदाहरण है, जिसे देख और उसकी कहानी सुनकर हर कोई दंग रह जाता है। माता-पिता और भाई समेत परिवार के दर्जनभर लोगों की मौत से सहमा युवक अंधविश्वास के फेर में ऐसे फंसा कि 36 साल से सोलह श्रृंगार कर महिला की तरह जिंदगी जी रहा है।



### अंधविश्वास की हैरान करने वाली कहानी

शख्स के स्त्री के भेष में 36 वर्षों से जीवन यापन करने के पीछे अंधविश्वास की हैरान करने वाली कहानी है। दरअसल, युवक ने एक बंगाली महिला के साथ शादी की थी।

### सपने के बाद बन गया औरत

पत्नी की मौत के गम से अभी उबर भी नहीं पाया था। युवक के मुताबिक इसी बीच एक रात उसके सपने में बीवी ने आकर बोला कि तुम स्त्री का वेष धारण कर लो, नहीं तो तुम्हारी और दोनों बच्चों की भी मौत हो जाएगी। उसके मुताबिक आत्मा उसे परेशान करती थी, डर था कि अगर वह पुरुष के वेष में रहेगा तो उसकी जान को खतरा हो सकता है। इसलिए, उसने स्त्री के वेष में रहना शुरू कर दिया।

### चर्चा का विषय बना मामला

जौनपुर में महिला बनकर रह रहे इस शख्स की कहानी चर्चा का विषय है। कुछ लोग उसे मानसिक परेशानी से ग्रसित मान रहे हैं तो कुछ भूत-प्रेत का प्रभाव बता रहे हैं। कई लोगों ने इसे अंधविश्वास बताया है। लोगों का मानना है कि युवक को इलाज की जरूरत है। इसे शख्स का पागलपन माने या अन्धविश्वास, लेकिन वह सपने की बात पर अडिग है और स्त्री वेश में रहकर अपने दो बच्चे लड़कों की मौत से रक्षा करने की बात कहता है।

# ये सिर्फ पेड़ नहीं, लव ट्री है, इसे गिफ्ट करते ही हो जाता है प्यार का इजहार!

**विशाखापट्टनम।** विशाखापट्टनम के पेदावलतेरू में स्थित जैव विविधता उद्यान में एक ऐसा पेड़ है, जिसे 'वैलेंटाइन ट्री' या 'लव ट्री' कहा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम क्लूसिया रोजिया है। यह पेड़ उन लोगों के लिए है, जो अपने रिश्ते में कुछ खास करना चाहते हैं। खास बात यह है कि इस पेड़ को गिफ्ट में देने से प्यार की भावनाएं और भी मजबूत हो जाती हैं!

### लव ट्री की जादुई खासियत

इस पेड़ के पत्ते बहुत खास होते हैं? इनके पत्तों पर आप अपने नाम भी लिख सकते हैं, और अगर ये पत्ते सूखकर गिर जाएं, तब भी नाम वैसे का वैसा रहता है। इसे 'ऑटोग्राफ ट्री' भी कहा जाता है। इसका मतलब है कि जब भी आप इस पेड़ के पत्तों पर अपना नाम लिखेंगे, वह हमेशा के लिए यादगार बन जाएगा! यही वजह है कि इसे प्रेम का प्रतीक माना जाता है। इसका आकर्षण और जादू लोगों को बहुत पसंद आता है, और यहां पर आने वाले प्रेमी जोड़े अक्सर अपने नाम लिखकर प्यार का इज़हार करते हैं।



### क्यों है लव ट्री इतना खास?

यह पेड़ प्यार का प्रतीक है। इसके पत्ते और फल आपको न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का अहसास कराते हैं, बल्कि यह आपके रिश्ते को एक नई दिशा भी देते हैं। जब आप किसी को इस पेड़ का तोहफा देते हैं, तो आप अपनी भावनाओं का इज़हार करते हैं और यह साबित करते हैं कि आप उनके साथ हमेशा रहना चाहते हैं। इसके अलावा, इस पेड़ का सजावट के रूप में उपयोग करने से आपके घर में भी सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।




### प्रेमियों के लिए खास जगह

यह लव ट्री सिर्फ एक पेड़ नहीं, बल्कि एक जादुई जगह बन चुका है। यहां पर हर रोज सैकड़ों युवा और प्रेमी जोड़े आते हैं और इस पेड़ के नीचे खड़े होकर अपनी तस्वीरें खिंचवाते हैं। यह जगह इतनी खूबसूरत और रोमांटिक है कि लोग यहां आकर समय बिताना पसंद करते हैं। चाहे वह किसी के साथ फोटो खिंचवाना हो या फिर इस पेड़ को गिफ्ट में देना हो, यहां का माहौल बहुत खास है।

# पुराने किले की खुदाई कर रहे थे एक्सपर्ट्स, मिले अनोखे मोहरे

आज के बोर्डगेम से समानता ने किया हैरान!

एजेंसी ▶▶ रोम

आज दुनिया में भले ही कई तरह के बोर्ड गेम खेलने को मिल जाते हों, पर ये नए नहीं हैं। बोर्ड गेम का इतिहास है, वे बहुत पुराने नहीं हैं। ऐसा देखने को नहीं मिलता है कि कोई बोर्ड गेम आज के समय में खेला जाता हो और उसके इतिहास में भी खेले जाने के प्रमाण मिले हों। हाल ही में पुरातत्वविदों की एक टीम ने एक अनूठी खोज की। उन्हें रोमन साम्राज्य के एक किले में अनोखा खेल मिला, जिससे उस दौर के सैनिक खेला करते थे। लेकिन, चौंकाने वाली बात ये थी ये काफी कुछ आज के दौर के एक बोर्ड गेम से मिलता-जुलता है।




### पहले खेले जाते थे बोर्ड गेम

शोधकर्ताओं का कहना है कि रोमन सैनिक जब प्रशिक्षण या युद्ध नहीं कर रहे होते थे, तब वे अपना काफी समय खेलों के जरिए सैन्य रणनीति सीखने में गुजारा करते थे। आज के तुर्किये के बाद एक रोमन साम्राज्य के एक किले में उन्हें एक खेल को ऐसे मोहरे मिले हैं जो हड्डियों से बनाए गए थे।

**कहां मिला यह गेम?** : शोधकर्ताओं को खेल के ये मोहरे आज के तुर्किये के पास हाड्रियनोपोलिस नाम के पुराने शहर में मिले हैं। पुरातत्वविद ने कहा, 'हैड्रियनोपोलिस में रणनीतिक खेलों की खोज से साबित होता है कि यहां सेना की एक टुकड़ी की मौजूदगी हुआ करती थी।'

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
- स्त्री एवं पुरुष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
- नि:संतान दंपत्तियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
- अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
- हार्मोनल समस्या का ईलाज (PCOD)
- बढ़ती उम्र की वजह से नि:संतानता का इलाज
- फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
- ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
- बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
- गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज
संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम
97551 62611
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
सर्दी, खाँसी और जुक़ाम पाये शीघ्र आराम

सितोपलादि चूर्ण
बदलते मौसम में होने वाली सभी प्रकार की खाँसी विषेशत: सूखी, कफयुक्त व एलर्जिक खाँसी और जैसे उससे संबंधित तकलीफें आलस्य, थकावट, अरूचि आदि दूर करनें में सहायक।
शिघ्र परिणाम के लिए मधु /अद्रक रस के साथ लेवें।
बच्चो के लिए सुरक्षीत
Baidyanath Nagpur Asli Ayurved Sitopaladi Churna Useful to treat all types of cough सितोपलादि चूर्ण सभी प्रकार की खाँसी में उपयोगी
ID No. MP/25E/08/040/139
वैद्यकीय सलाह:844 844 4935 । www.baidyanath.co

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com